e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 169

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
22.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आपको बोलना ही है तो सबके सामने बोलो क्योंकि पीठ पीछे तो सब बोलते ही है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## पंचायती राज, राजस्व, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत

# 2,550 पद हेतु नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज तथा संसदीय कार्य विभाग

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, योजना एवं विकास, वित्त, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

**नियुक्तियों का विवरण -**

पंचायती राज विभाग अंतर्गत
**1,633 पंचायत सचिव**

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत
**707 निम्न वर्गीय लिपिक**

वित्त विभाग अंतर्गत
**166 निम्न वर्गीय लिपिक**

खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत
**44 निम्न वर्गीय लिपिक**



**दिनांक : 22 जून, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची**

PR NO-300591 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 169
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
22.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आपको बोलना ही है तो सबके सामने बोलो क्योंकि पीठ पीछे तो सब बोलते ही है।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 23° |

## क्विक न्यूज

### 2550 युवाओं को सीएम आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 2,550 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। मुख्यमंत्री पंचायती राज विभाग के अंतर्गत पंचायत सचिव के पद के लिए 1633, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत निम्न वर्गीय लिपिक पद के लिए के 707, वित्त विभाग अंतर्गत निम्न वर्गीय लिपिक पद के लिए 166 एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत 44 युवाओं को निम्न वर्गीय लिपिक पद के लिए नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

### मोरक्को ने सहारा रेगिस्तान में बनाया दुनिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट

**मोरक्को** : मोरक्को ने दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म बनया है. भविष्य में वह रीन्यूएबल एनर्जी के जरिए ही बिजली पैदा करेगा. इससे वह पेट्रोल, डीजल और कोयला आधारित ऊर्जा का इस्तेमाल बंद कर देगा. ये सोलर पावर प्लांट तब भी बिजली देगा, जब सूरज की रोशनी नहीं पड़ रही होगी. मोरक्को ऊर्जा उत्पादन के मामले में दुनिया की बड़ी ताकत बनना चाहता है. मोरक्को दुनिया भर में रीन्यूएबल एनर्जी के लिए अपना नाम चाहता है. इस सोलर फार्म को दुनिया के लिए जरूरी माना जा रहा है. यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से तैयार है. इस फार्म से मोरक्को के जरुरत की 35त्न रीन्यूएबल एनर्जी पैदा होगी.

### डेढ़ करोड़ से अधिक नकदी बरामद

**नई दिल्ली** : प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि उसने गुजरात, महाराष्ट्र और दमन में फिरौती, हत्या और शराब तस्करी के आरोपी एक व्यक्ति के खिलाफ छापेमारी के दौरान 1.62 करोड़ रुपए नकदी जब्त की, जिसमें ज्यादातर दो हजार रुपए मूल्य के नोट शामिल हैं। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सुरेश जगुभाई पटेल और उसके सहयोगियों के दमन तथा गुजरात के वलसाड स्थित नौ आवासीय एवं वाणिज्यिक परिसरों पर 19 जून को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की गई। ईडी ने कहा कि सुरेश जगुभाई पटेल और उसके सहयोगी-केतन पटेल, विपुल पटेल और मितेन पटेल दमन में 2018 में हुए दोहरे हत्याकांड के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में हैं।

### जिंदा जलाया, गोलियों से भूना, होंडुरास की जेल में 41 कैदियों की मौत

**होंडुरास** : मध्य अमेरिकी देश होंडुरास की एक महिला जेल में हुए दंगे में कम से कम 41 कैदियों की मौत हो गई। देश के सार्वजनिक मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने पता लगाया है कि 25 को जलाकर मार डाला गया और 16 को गोलियों से भून दिया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कैदियों के परिवारों के संघ के अध्यक्ष डेल्मा ऑर्डोनेज़ ने रायटर्स को बताया कि जेल में दो गुटों में विवाद हो गया था. स्थानीय मीडिया के मुताबिक यह दंगा था. कहा यह भी जा रहा है कि अधिकारियों द्वारा जेल के लिए नए नियमों की घोषणा करने के बाद दंगा भड़क गया, जिसमें टीवी और अन्य उपकरणों पर प्रतिबंध लगाना और जब्त करना शामिल था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायल कैदियों को तेगुसीगाल्पा के एक अस्पताल में दाखिल किया गया.

### फ्लाईओवर के ढहने से 9 मजदूर घायल

**हैदराबाद** : हैदराबाद में बुधवार तड़के एलबी नगर इलाके में एक फ्लाईओवर के ढहने की खबर मिली है. यह पुल निर्माणाधीन अवस्था में थी, जिसके रैंप का एक हिस्सा ढह गया है. इस हादसे में कम से कम नौ मजदूरों के घायल होने की खबर है. घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसा सागर रिंग रोड पर हुआ, जहां ट्रैफिक चौराहे पर फ्लाईओवर बनाया जा रहा था. पुलिस ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर खंभो के उपर स्लेब बिछा रहे थे।

## संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में पीएम मोदी ने योग सत्र का किया नेतृत्व

# योग भारत की देन : पीएम मोदी

### पीएम मोदी ने 135 देश के लोगों के साथ किया योग



**एजेंसी**

**न्यूयार्क** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व किया।
इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी योग किया। यहां अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि योग भारत से आया, लेकिन यह कॉपीराइट, रॉयलटी आदि से फ्री है. इसे किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। योग को घर पर,काम के दौरान या कहीं भी किया जा सकता है।
योग को अकेले या ग्रुप, कैसे भी कर सकते हैं। कहा कि हम योग की शक्ति का उपयोग न केवल स्वस्थ, खुश रहने के लिए करें बल्कि स्वयं और एक-दूसरे के प्रति दयालु होने के लिए भी करें। आइए हम योग की शक्ति का उपयोग करें।
मित्रता, एक शांतिपूर्ण दुनिया और एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य के पुल बनाने के लिए योग की शक्ति का उपयोग करें। आइए हम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए हाथ मिलाएं। लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है।
योग पोर्टेबल है और वास्तव में सार्वभौमिक है। आगे कहा कि पिछले साल, 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए पूरी दुनिया एक साथ आई थी। बाजरा एक सुपरफूड है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां सभी देशों के लोग मौजूद हैं। आपमें से बहुत सारे लोग बहुत दूर से यहां आए हैं। कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मैं आप सभी को देखकर प्रसन्न हूं। मुझे बताया गया है कि आज यहां लगभग हर राष्ट्रीयता का प्रतिनिधित्व है। योग का अर्थ है जोड़ना। इसलिए आप एक साथ आ रहे हैं। यह योग के दूसरे रूप की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर यूएन के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरस सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ संयुक्त राष्ट्र का योग कार्यक्रम

संयुक्त राष्ट्र में हुए योग कार्यक्रम ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया. जिसके लिए कार्यक्रम का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया. इस योग सेशन में सबसे ज्यादा राष्ट्रीयता (अलग-अलग देश) के लोग शामिल थे. मतलब वहां लगभग हर राष्ट्रीय का कोई एक शख्स या प्रतिनिधि था.गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी माइकल एम्प्रिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के योग कार्यक्रम में 135 देशों के प्रतिनिधि शामिल थे. पहले 140 देशों के प्रतिनिधि शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी. लेकिन 135 देशों के प्रतिनिधियों के साथ भी यह वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया.

### इंडिया में भी योग की धूम

**नई दिल्ली** : इंडिया ने भी हर जगह योग किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित सभी केंद्रीय मंत्री, किसी राज्यों के सीएम सहित सभी जिलों में योग दिवस पर योग किया गया। इधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस विक्रांत पर सशस्त्र बलों और भारतीय तट रक्षक कर्मियों के साथ योग किया. इस दौरान उनके साथ चीफ ऑफ इंडियन नेवल स्टाफ एडमिरल आर हरि कुमार, उनकी पत्नी कला हरि कुमार समेत 800 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों ने योग किया. इनमें 120 अग्निवीर भी शामिल हैं.भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड थिएटर ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया. पहाड़ों के सीमावर्ती इलाकों में हजारों सैनिकों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया. सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता और उनक पत्नी निशा कलिता ने फोर्ट विलियम कोलकाता में 1200 सैन्यकर्मियों और परिवारों के साथ योग किया.

### सरकार ने जीवित पशु-पक्षी निर्यात बिल-2023 का ड्राफ्ट वापस लिया बालियान

**दौसा** : केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य व डेयरी राज्यमंत्री डॉ संजीव बालियान ने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार ने जीवित पशु-पक्षी निर्यात बिल 2023 का ड्राफ्ट वापस लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह ड्राफ्ट 1898 का था। इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए थे कि आजादी से पहले के जो भी बिल हैं उन्हें नए सिरे से लाया जाए। इसके बाद उस बिल का ड्राफ्ट तैयार कर आपत्ति मांगी गई। जिसमें सबसे बड़ी बात सामने आई कि बिल में लिखे गए शब्द लाइव स्टॉक व लाइव स्टॉक प्रोडक्ट को एक्सपोर्ट करने का सरकार द्वारा प्रयास किया जाएगा। इसका लोगों ने विरोध दर्ज कराया। राज्यमंत्री डॉ संजीव बालियान ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लाइवस्टॉक प्रोडक्ट पर केंद्र सरकार का फोकस था, जिसमें पूरा देश दुग्ध उत्पादन में नंबर वन है। लेकिन जन भावनाओं का सम्मान करते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार ने जीवित पशु-पक्षी निर्यात बिल 2023 का ड्राफ्ट वापस ले लिया है। क्योंकि केंद्र सरकार जनता की भावनाओं का आदर करते हुए चलना चाहती है। सरकार किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहती, जनता की भावनाओं के अनुरूप ही बिल लाया जाएगा। विधानसभा चुनाव के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं हर महीने दौसा लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर आता हूं, राजस्थान की परिपाटी भी रही है कि हर 5 साल में यहां सरकार बदलती है।

# वज्रपात से 5 की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** :वज्रपात से रांची जिले के बुंडू थाना क्षेत्र के कांची गांव में बारिश के दौरान सोमवारी देवी नामक महिला की मौत हो गई है. बताया जाता है कि महिला अपने आंगन में रखे जलावन लकड़ी को अंदर करने के लिए घर के आंगन में खड़ी थी. इसी दौरान वज्रपात हो गया. दूसरी घटना रांची के अनगड़ा थाना के गौतम धारा के समीप हुई. बताया जाता है कि महिला कमला देवी जंगल में बारिश से बचने के लिए महुआ पेड़ के नीचे छिप गई थी. इसी बीच वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई.रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड की बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत मुरुबंदा गांव की रहने वाली महिला की मौत वज्रपात से हो गई है. मृतका की पहचान सुरेंद्र महतो की 55 वर्षीय पत्नी बिलासो देवी के रूप में हुई है. बताया जाता है कि महिला चितरपुर मुरुबंदा तालाब के समीप खेत में बकरी चरा रही थी. इसी बीच अचानक तेज बारिश होने लगी. बारिश से बचने के लिए महिला अपने घर की ओर जाने लगी. तभी अचानक उस पर वज्रपात हुआ और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया ग्राम अंतर्गत दोकनाही टोला निवासी दिलीप उरांव की पत्नी राजो देवी की मौत वज्रपात से हो गई द्य मिली जानकारी के अनुसार मृतका महिला घर के बाहर कुछ कार्य कर घर लौट रही थी। इसी बीच बारिश के दौरान बज्रपात हुई। जिसके चपेट में वह आ गई। गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।दूसरी घटना मसीयातु ग्राम में हुई। जहां पर मासीयातू ग्राम निवासी शगुन गंजू की पत्नी बसंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।इधर पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में वज्रपात की चपेट में आने से एक नाबालिग छात्रा की मौत हो गई. छात्रा का नाम प्रियंका कुमारी (14 वर्ष) है. वह गढ़वा जिला सोह नारायणपुर निवासी पंकज कुमार मेहता की पुत्री है. वह पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय में 9वीं कक्षा में पढ़ती थी.

## झारखंड सहित 7 राज्यों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा बैठक, कहा

# गर्मी से संबंधित बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना का करें पालन



**मंडाविया ने उन राज्यों से भी कहा कि जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय कार्य योजना के आधार पर स्वास्थ्य कार्य योजना तैयार नहीं की है, वे विशिष्ट क्षेत्र स्तर की कार्रवाइयों का तत्काल विवरण दें और उसका प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करें.**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को यह कहते हुए कि केंद्र और राज्यों के बीच समन्वित कार्रवाई से गर्मी की लहरों के कारण कोई मौत नहीं हो सकती है, सभी राज्य सरकारों से गर्मी से संबंधित बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना का पालन करने को कहा. मंडाविया ने नई दिल्ली में सात प्रभावित राज्यों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि भारत ने हाल ही में द्विपराजय चक्रवात के लिए तैयारियों के उपायों के दौरान प्रदर्शित किया है कि केंद्र और राज्यों के बीच समय पर और प्रभावी समन्वय वांछित परिणाम उत्पन्न कर सकता है. मंडाविया राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों, आपदा प्रबंधन मंत्रियों, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के प्रमुख सचिवों के साथ बातचीत कर रहे थे. मंडाविया ने कहा कि राज्यों द्वारा विचारों, विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने से गर्मी से संबंधित बीमारी को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सभी को समृद्ध बनाने में मदद मिलती है. ये सात राज्य गंभीर श्रवण तरंगों का प्रयोग कर रहे हैं.मंडाविया ने राज्यों से लोगों को समय पर चेतावनी देने के साथ जमीनी स्तर पर राज्य कार्य योजना को लागू करने और लू के गंभीर प्रभाव को कम करने के लिए निवारक तैयारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया. मंडाविया ने उन राज्यों से भी कहा कि जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय कार्य योजना के आधार पर स्वास्थ्य कार्य योजना तैयार नहीं की है, वे विशिष्ट क्षेत्र स्तर की कार्रवाइयों का तत्काल विवरण दें और उसका प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करें. मंत्री ने कहा कि आईएमडी से गर्मी की चेतावनी और पूर्वानुमान स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दैनिक रूप से सभी राज्यों के साथ बढ़ाया और साझा किया जाता है. उन्होंने राज्यों से राज्य के अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए गर्मी और स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण नियमावली विकसित करने का आग्रह किया. मंडाविया ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उनका प्रशिक्षण क्षेत्र स्तर तक हो.

## सीएम ने पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की

# पथ निर्माण कार्य में ग्रामीण क्षेत्रों को दें प्राथमिकता : हेमंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में नए सड़क निर्माण एवं पुराने सड़कों के पुनर्निर्माण योजनाओं को ससमय पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण कार्य विभाग राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य आने वाले 1 वर्ष के भीतर पूरा करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सड़क, पुल- पुलिया जो जर्जर स्थिति में है उसे प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए मरम्मतीकरण कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य पर प्रमुखता के साथ फोकस रखें। ग्रामीण कार्य विभाग वैसे सड़क जो महत्वपूर्ण संस्थान जैसे प्रखंड मुख्यालय, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेलवे स्टेशन, बस डिपो, महाविद्यालय/ विद्यालय, पंचायत कार्यालय, विभिन्न हाट बाजार, स्वास्थ्य उपकेंद्र इत्यादि को जोड़ती है वैसे सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किए जाने वाले सड़कों के लिए एक सॉफ्टवेयर वेस्ट मेकैनिज्म तैयार करें।

**अच्छी और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण और अच्छी सड़कें बनाना सरकार की प्राथमिकता है। सड़कों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क बनाने के समय स्टोन, चिप्स सहित अन्य उपयोग की जाने वाली सामग्रियों का जांच अवश्य हो यह सुनिश्चित की जाए। अधिकारी राइडिंग क्वालिटी चेकिंग मशीन का भी उपयोग सुनिश्चित करें। जहां जरूरत पड़े वहां नई तकनीक का भी उपयोग अवश्य करें। सड़क निर्माण कार्य में फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। नई सड़क एवं पुरानी सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मतीकरण के लिए डीपीआर एवं टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाएं। पुनर्निर्माण कार्यों के लिए चिन्हित रोड का फोटो तथा वीडियो अनिवार्य रूप से सॉफ्टवेयर में अपलोड करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम जनसंख्या वाले गांव में भी एप्रोच रोड का निर्माण अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग प्रत्येक महत्वपूर्ण रोड का डिजिटल हिस्ट्री बुक तैयार करे।

**अधिकारियों ने निर्माण कार्य की रखी विस्तृत जानकारी :** इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तावित सहजानंद चौक के पास से जज कॉलोनी (एसीबी) ऑफिस के निकट तक एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी रखी गई तथा मुख्यमंत्री को एलिवेटेड निर्माण कार्य की बिंदुवार प्रेजेंटेशन दी गई।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में ग्रामीण कार्य मंत्री आलमगीर आलम, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख मुरारी भगत, अभियंता प्रमुख (आरईओ) के.के. लाल, चीफ इंजीनियर (यातायात) राजेश कुमार सिंह, ईसी (एनएच) वाहिद कमर फरीदी, चीफ इंजीनियर (सीडीओ) उमेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के डी कम्पनी ने उलिहातु में एफ कंपनी ने हुंठ में योगभ्यास किया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के 26 वीं वाहिनी डी कंपनी उलिहातु के एस एस बी के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय योगदिवस पर ग्रामीण जनता और स्कूली छात्र- छात्रा के साथ उलिहातु में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली ÷बिरसा ओड़ा÷ प्रांगण में योगाभ्यास किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 26 वीं वाहिनी एसएसबी के सेनानायक एस डी शेरखाने के दिशा निर्देश अनुसार कम्पनी में योगाभ्यास किया गया और गांव के जनता को इस योग से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया।इस योगाभ्यास में डी कंपनी उलिहातु के सहायक सेनानायक सोमेन गोराई और जवान के साथ गांव के जनता और स्कूल के छात्र छात्रा ने हिस्सा लिया।इधर 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के हूट कैंप के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुड़ापुर्ती विद्यालय में योगा का आयोजन किया गया इसमें कुड़ापूर्ति गांव के लोग, स्कूल के बच्चे,स्कूल के शिक्षक व शिक्षिका तथा सशस्त्र सीमा बल एफ कंपनी के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के दिशा निर्देश मे सशस्त्र सीमा बल एफ कंपनी के बलकर्मीयो के द्वारा योगा का आयोजन किया।इस योगाभ्यास कार्यक्रम के अंत में सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के द्वारा योगा कर रहे सभी व्यक्तियों को शपथ भी दिलाया गया और बताया गया कि अगर हम रोज दिन योगा करें तो हमारे शरीर में रोग नहीं होगा व भारत रोगमुक्त एक देश बनेगा तभी जाकर भारत देश योग गुरु देश कहलायेगा। कार्यक्रम की समाप्ति भारत माता की जय के नारे के साथ किया गया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज बुधवार को 26 वीं वाहिनी एस एस बी के कमान्डेंट एस डी शेरखाने के दिशा निर्देश पर एस एस बी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में कुड़ापुर्ती स्कूल के बच्चों व ग्रामीणों एवं जवानों को अन्तर राष्ट्रीय योगा दिवस पर योगा कराया गया। योगा के दौरान ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। साथ ही सहायक कमांडेंट के द्वारा गांव के स्कूल के बच्चों को योगा कर स्वस्थ व नीरोग रहने कि सपथ दिलाई गई। सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के द्वारा ग्रामीण इलाकों में दिनांक 25/5/2023 से लगातार योग अभ्यास कराया जा रहा था।

## झमाझम बारिश के साथ हुई पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मॉनसून की एंट्री

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश के साथ मानसून ने दस्तक दे दी है। मिली जानकारी के मुताबिक एक दिन पूर्व मंगलवार को कोयलांचल क्षेत्र में बादल छाए रहने और कुछ इलाकों में बूंदा बांदी हुई,लेकिन बुधवार की दोपहर के बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने के बाद कोयलांचल के लोगों को भीषन भरी गर्मी से राहत मिली है।बारिश के बाद देर शाम तक ठंडी हवाओं से मौसम काफी खुशनुमा हो गया है।इससे पूर्व बुधवार की सुबह से ही उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,लेकिन दोपहर के बाद अचानक मौसम ने अपना रुख बदलते हुए तेज हवाओ के साथ झमाझम बारिश हुई।बारिश के बाद क्षेत्र के सभी सड़कों पर जल जमाव देखा गया।वहीं ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ो का अंबार लग गया। बारिश के कारण पिपरवार क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाकों में घंटों बिजली गुल रही,जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। देर शाम तक आवासीय कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

## टाटीसिल्वे मंडल ने विश्व योग दिवस मनाया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 21 जून 2023 को भारतीय जनता पार्टी टाटीसिल्वे मंडल के द्वारा बूथ नंबर 183 पंचायत भवन टाटी पूर्वी में योग दिवस के उपलक्ष में आम नागरिकों के साथ योग का कार्यक्रम ग्रामीणों के साथ मिल कर बढ चढ़कर कि गई। इस योग कार्यक्रम में टाटीसिलवे मडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं प्रशिक्षक के रूप में विजय महतो मंत्री एवं मुख्य अतिथि के रूप में टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पहान जी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुई। इस योग कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची ग्रामीण जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी महामंत्री अमित कुमार मिश्र, गोविंद महतो , बीना देवी , ओम पांडे ,मदन महतो एवं ग्रामीण के साथ में मीडिया के भी साथी उपस्थित थे।

## योग से शरीर स्वस्थ रहता है, मन मस्तिष्क भी शांत रहता है : अनुराधा मुंडा

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग किया गया । पंचायत भवन साल्हन मे अनगड़ा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा एवं गेतलसूद पंचायत में मुखिया शांति मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। योग करते के साथ उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा योग हमारे लिए बहुत जरूरी है योग से शरीर स्वस्थ रहता ही है मन मस्तिष्क से शांत रहता है। इधर चिल्दाग मैदान में रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, अनगड़ा मे स्स्कके जवान, प्रखंड क्षेत्र सभी स्कूल, कई संस्था में योग कराया गया साल्हन योग स्थल में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, मुखिया सरिता तिर्की,उप मुखिया विमला चौधरी, गौरीशंकर मुंडा गीता देवी, रूपलक्ष्मी देवी, अरविंद मुंडा, प्रवीण मुंडा, उरू कुमारी, पूजा कुमारी सहित अन्य सामिल थे।

## योग करें, निरोग रहें : अशोक पंडा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय के महादानी मैदान स्थित विवाह मंड़प प्रागंण में बुधववार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंतजलि योगपीठ व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में योगभ्यास शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उदघाट्न हिन्दु जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री बाणी कुमार राय, प्रमुख विनिता कच्छप,बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, प्रशिक्षक अशोक पंड़ा,उर्मीला देवी व अजीत उरांव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में योग प्रशिक्षक अशोक पंड़ा व उर्मीला देवी ने शिविर में कपालभाति, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार,शीर्षासन,भ्रामरी,गुरुराशन,वृक्षासन,व्रजासन सहित कई योग कराएं। अशोक पंड़ा ने कहा कि योग एक जीवन शैली है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग को अपने दिनचर्या में अपनाना चाहिए। योग आत्मा एवं परमात्मा को जोड़ता है। स्वस्थ्य रहने के लिए योग बहुत जरूरी है। योग से मधुमेह,बीपी,थाईराट,सहित कई असाध्य रोगो भी को नियमित योग से ठिक किया जा सकता है। उन्होने आम जनो से कहा रोज करे योग, रहे निरोग। सभी लोगो को प्रतिदिन योग करने से की अपील किया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली बुंडू रोड के शीतल छाया लाइन होटल के समीप मंगलवार की रात 8=30 बजे के लगभग एक अज्ञात ट्रेक्टर की चपेट मे आने से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गया एवं एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर तीन युवक सवार थे!जानकारी के अनुसार बासुडीह निवासी ब्रजेश्वर महतो, रमापति महतो, वैजनाथ महतो तीनों एक ही बाइक पर सवार रांची से बासुडीह अपने घर आ रहे थे!इसी क्रम मे शितल छाया लाइन होटल के समीप अज्ञात ट्रेक्टर की चपेट मे आ गया जिसमें वैजनाथ महतो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं दो युवक ब्रजेश्वर महतो, रमापति महतो गंभीर रुप से घायल हो गया! सभी को प्रशासन की मदद से सिल्ली अस्पताल लाया गया जहाँ डॉ द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवकों को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया एवं मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया गया ।

# पिपरवार कोयलांचंल में धूमधाम के साथ मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचंल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में बुधवार को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।क्षेत्र के सभी स्कूल,कार्यालय,सहित समाजिक व राजनैतिक संगठनो द्वारा योगा अभ्यास कराया गया।जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा ऑफीसर्स क्लब में योग शिविर लगाया गया,जिसमें काफी संख्या में स्थानीय सीसीएल अधिकारी शामिल हुए।कार्यक्रम में वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि सह योग प्रशिक्षक मुंद्रिका प्रसाद और डीएन महतो ने सभी को योग का अभ्यास कराया।कार्यक्रम में मौजूद एजीएम निरंजन सेनापति ने कहा कि 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है।उन्होंने कहा कि योग मनुष्य को दिर्घायु बनाता है।शरीर को निरोग रखने में योग का महत्वपूर्ण योगदान है।योग से निरोग का संदेश आज पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने सभी लोगों से प्रत्येक दिन योग करने की अपील की।इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,ज्योति कुशवाहा,भीम प्रसाद मेहता, बिरेंद्र महतो सहित कई अधिकारी मौजूद थे। इधर सीआईएसएफ एनके एवं पिपरवार युनिट द्वारा कमान्डेंट संदीप कुमार एस. के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।इस दौरान सीआईएसएफ द्वारा योग शिविर लगाया गया,जिसमे विभाग के सभी अधिकारी और जवान शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया।मौके पर डिप्टी कमांडेंड मृत्युजंय स्वामी, उपेंद्र सिंह,असिस्टेंट कमांडेंड संजय कुमार मीणा,निरीक्षक विकास कुमार,डीके चौधरी, सदीप शुक्ला,पवन नेगी सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे। डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कक्षा नवम से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं सहित सभी शिक्षक इस कार्यक्रम में शामिल हुए।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा की मौजुदगी मे योग शिक्षक ने सूर्य नमस्कार,आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

## आजसू पार्टी ने विश्व योग दिवस व सुदेश महतो के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विश्व योग दिवस एवं आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पुर्व उप-मुख्यमंत्री सिल्ली विधायक सुदेश महतो के जन्म दिवस पर आजसू पार्टी तमाड़ विधानसभा के सभी प्रखंडों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। शुद्ध पर्यावरण का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। शुद्ध हवा, शुद्ध जल, समय पर बर्षा का सम्बन्ध सीधा पर्यावरण से ही है। पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। बिना स्वच्छ वातावरण के जीवन असंभव है। पर्यावरण की ही वजह से मानव जीवन का अस्तित्व है। आज तमाड़ विधानसभा अलग अलग प्रखण्डों में कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण और पौधा वितरण किया गया जिसमें तमाड़ पुर्वी प्रस्तावित प्रखण्ड के तड़ाई उच्च विद्यालय प्रांगण में तमाड़ प्रखण्ड प्रभारी श्याम कुमार महतो एवं पुर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह तमाड़ प्रभारी सुकरा सिंह मुण्डा के नेतृत्व वृक्षारोपण किया गया। मौके पर तमाड़ पुर्वी प्रखण्ड अध्यक्ष हरिहर महतो, सोशल मीडिया प्रभारी हरदेव महतो, पुर्वी प्रखण्ड महिला अध्यक्षा सुनीता देवी, प्रखण्ड सचिव अलका देवी, विधानसभा खेल प्रभारी धनु कुमार नाग, वरीय नेता सह पंचायत प्रभारी राम चन्द्र महतो, वरीय नेता ईश्वर दयाल महतो, पंचायत प्रभारी साधु पातर मुण्डा, अनिल कुमार महतो,सुरेन महतो, बासुदेव महतो, शंकर महतो, राम दयाल महतो,संजू बाबा,गुरूचरण सिंह मुण्डा,देव कुमार आदि मौजूद थे। इधर तमाड़ प्रखण्ड में आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ के प्रांगण में आजसू पार्टी के पुर्व प्रत्याशी सह जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया।

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा)

Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित) **Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98

(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–सड़मा, थाना–हरिहरगंज, थाना नं0–102

पत्रांक– 367(A)/भू0अ0, दिनांक– 19.06.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सड़मा | 73 | 279 | गै0मा0 से रैयती मान्यता प्राप्त | टाड़ मकान | 0.1200 | 1 | अरूण कुमार सिंह पिता राम विजय सिंह | |
| | | | | | कुल | 0.1200 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR300565 (Palamu)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

( E-MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ........................../ लोहरदगा, दिनांक ........................../

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि उमर शाह, थाना चौक, लोहरदगा को अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, रॉंची के पत्रांक 172 दिनांक 14.02.2023 द्वारा आवंटित कार्य कैरो प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम खरता में खरता ठोकरा गढ़ा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य का एकरारनामा करने हेतु इस कार्यालय का पत्रांक 233 दिनांक 09.03.2023, पत्रांक 397 दिनांक 03.05.2023, पत्रांक 444 दिनांक 16.05.2023 द्वारा पत्राचार किया गया जो संवेदक के निबंधन पते पर पहुँचा।

पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 450 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 476 दिनांक 01.06.2023 एवं पत्रांक 495 दिनांक 06.06.2023 द्वारा लिखित तथा डाकवाहक से संबंधित संवेदक को उनके निबंधन पर अंकित पते पर पत्राचार किया गया जो वापस आ गया। दूरभाष पर निदेश एवं पत्राचार की वापसी संवेदक का एकरारनामा करने के प्रति उदासीनता का परिचायक है।

अतःएव अंतिम रूप से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि कैरो प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम खरता में खरता ठोकरा गढ़ा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य कार्य एकरारनामा एक (01) सप्ताह के अन्दर प्रमण्डलीय कार्यालय में उपस्थित होकर एकरारनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। इसे अंतिम स्मार समझा जाय। उक्त कार्य का एकरारनामा एक (01) सप्ताह तक पूर्ण नही होने की स्थिति में आपके द्वारा जमा अग्रधन की राशि को जब्त करते हुए आपके निबंधन को काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जाएगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 300528 (Lohardaga) 23-24 (D)

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

**अज्ञात महिला का शव, उम्र करीब–50 वर्ष**



उपरोक्त अज्ञात महिला का शव तमाड़ थाना अन्तर्गत ग्रम परासी के जंगल के पास बरामद किया गया है। जिसके संबंध तमाड़ थाना यू0डी0 काण्ड सं0–22/22, दिनांक–07.11.2022, दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनु0 पुलिस बुण्डु, रॉंची। –9431706193

थाना प्रभारी तमाड, रॉंची। –9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 300529Police(23-24)#D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– विशाखा कुमारी, उम्र– 19 वर्ष, रंग– साँवली, उचाँई– 5 फिट 02 ईंच, पहनावा– गुलाबी रंग का सलवार एवं लाल रंग का लेगिंस पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला विशाखा कुमारी, पे0–जगजीवन लोहर, ग्राम–सिमलिया, थाना–रातु, जिला–राँची जो दिनांक–10.06.2023. से लापता है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में रातु थाना सनहा संख्या–15/2023 दिनांक–13.06.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक ,मु0, द्वितीय राँची। – 9431706142

थाना प्रभारी, रातु, राँची। – 943170619175

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 300527 Police (23-24)_D

### पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क'

झारखण्ड सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन शाखा)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– 369(A)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–19/06/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–सबौना, थाना–रेहला, थाना सं0–43, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर ROR निर्माण कार्य हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सबौना, थाना–रेहला, थाना सं0–43, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.1420** एकड़ यानी **0.0574** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–सबौना, थाना सं0–43, कुल रकबा–0.1420 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 37 | 73 | रैयती | टांड़ | 0.1420 | लालबिहारी राम वो प्रेम राम पिता बनारसी राम वो घुरा राम, महेन्द्र राम पिता गणेश राम वो करीमन राम वो सरयु राम वो हरिहर राम पिता बेलास राम वो जसमति कुवंर पति स्व0 बेलास राम वो घुरहु राम, उमेश राम, मेहन्द्र राम, नन्हकु राम, पिता कैलास राम वो जगीया कुवंर पति कैलास राम पवन राम पिता स्व0 निहोरा राम, मंगरू राम, पिता स्व0 तपेश्वर राम, वासो कुवंर पति अमेरिका राम, मुना कुवंर, पति खखनु राम वो जय राम, सीता राम वो बिरजु राम पिता स्व0 महाबीर राम | 73P | 72P | 72P | 52P |
| | | | | कुल :– | 0.1420 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंरतण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 300568 (Palamu) 23-24 (D)

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लालपुर थाना काण्ड सं0–467/18, दिनांक–18.12.2018, धारा–406/420/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1 प्रा0 अभि0 हरिशचन्द्र तिवारी,पे0–स्व0 लोकनाथ तिवारी, सा0–किशोरगंज हरमू रोड़, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची द0प्र0सं0 की धारा 82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इतेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Rajkumar pandey**
**Civil judge senior division XI, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED **LALPUR-467/18**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
   हरिशचन्द्र तिवारी, पे0–स्व0 लोकनाथ तिवारी,
   सा0–किशोरगंज हरमु रोड़, थाना–सुखदेवनगर ,जिला–राँची।
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जोव–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है(2)
3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जाजारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशप्फी हमारे साबित किया गया है कि(3) जब
5. मोकाम। **U/S-406/420/34 IPC** — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालत व रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)

ब–तारीख **15.07.2023** माह नालिश–मजकुर को जवाब देही के लिए हाजिर हो

आज तारीख **27.05.2023**

**Sd/-RAJKUMAR PANDEY**
**J.M. Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, हरिशचन्द्र तिवारी, कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/**Court of Sri RAJKUMAR PANDEY J.M-XI, RANCHI** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –94317 06139

थाना प्रभारी,लालपुर, राँची। –94317 06459

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 300524 (Police)23-24*D

## मिलेटस रागी बीज का निःशुल्क वितरण

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चुनचुड़िया में समृद्धि आर्गेनिक फार्म के तत्वावधान में किसानों को विभिन्न प्रकार के मिलेटस मोटा अनाज जैसे रागी, बाजरा, कुटकी,कोदो, गुंदली, रामदाना आदि विभिन्न प्रकार के मिलेटस बीज का वितरण किया गया।



एग्रिकल्चर फिल्ड अफिसर फागु राम महतो ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2023 को अंतराष्ट्रीय मिलेटस वर्ष के रूप में मनाया रही है। ताकि हमारे किसान अधिक से अधिक मोटा अनाज का खेती करे। इस अवसर पर गणेश चन्द्र महतो, दुर्योधन महतो,हजारि महतो, सष्टी चरण महतो,श्रीचान्द महतो, त्रिलोचन महतो आदि किसान उपस्थित थे।

## पिलीद स्टेडियम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों ने किया योगा

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। स्टेडियम में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को योगा सिखाया गया। इस दौरान योगा मास्टर सह आरएसएस के प्रचारक निर्मल भाई व शिक्षक लम्बूधर महतो ने उपस्थित लोगों व स्कूली बच्चों को कई सारे योगा बारी बारी से अभ्यास करवाया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में एलडीएम पब्लिक स्कूल मिलन चौक के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज सेवी दिलीप कुमार दास ने बताया कि भारत का अती प्राचीन काल का एक चिकित्सा पद्धति है योगा ।

## बैंक ऑफ बड़ौदा परिसर में वर्ल्ड योगा डे मना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्ल्ड योगा डे पर बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, जमशेदपुर के परिसर में नेशनल योग गुरु अंशु सरकार के द्वारा विभिन्न तरह के योग अभ्यास कराए गए। इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा



जमशेदपुर (मुख्य) शाखा के मुख्य प्रबन्धक नेम्हास किसपोट्टा, गोलमुरी शाखा के मुख्य प्रबन्धक पुष्पेंद्र कुमार, देवकान्त गुप्ता, सोनिया घोष के साथ क्षेत्रीय कार्यालय एवं जमशेदपुर शहर स्थित शाखाओं के सभी कर्मचारियों ने पूरे जोश एवं उमंग के साथ योग अभ्यास में भाग लिया।

## विवेक विद्यालय में नशामुक्त भारत पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विवेक विद्यालय, छोटा गोविंदपुर में नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची द्वारा 'नशा मुक्त भारत' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कक्षा नवीं से बारहवीं तक के बच्चे, उनके अभिभावक तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ के रूप में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रांची जोनल युनिट के इंटेलिजेंस अधिकारी एम. मीना, मनोहर मंजुल, ब्यूरो के आपरेशन असिस्टेंट चंदन कुमार और कुरु कुमार ने बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने एवं दूसरे लोगों को भी इससे बचने के लिए जागरूक किया।

## कुकडू : देर रात जंगली हाथियों ने रौंदे कई एकड़ खेत में लगे फसल

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह एवं कुकडु प्रखंड के सीमांत क्षेत्र के मुरु किशुंडीह में बुधवार के अहले सुबह जंगली हाथियों का झुंड किशुंडीह गांव के ही किसानों के खेत में लगे लोकी, बैंगन आदि सब्जी के फसलों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिसमे किशुंडीह के किसान गणेश महतो, हराधन महतो, नीलकमल महतो, रूपचंद महतो, एवं पारगमा के क्षेत्रमोहन महतो, सुनील महतो, राकेश महतो के खेतो में लगे फसल पूरी तरह से क्षति पहुंचा है। किसानों ने वन विभाग से मांग किया की जंगली हाथियों द्वारा क्षति किए गए उक्त सब्जियों के मुआवजा विभाग की ओर से दिया जाए साथ ही जान माल की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए, अन्यथा विभाग के कार्यालय में जाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

## आयुष हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर नीमडीह द्वारा विश्व योग दिवस मनाया गया

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुष हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर नीमडीह द्वारा मुकुंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल रघुनाथपुर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि



ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो व वैलनेस सेंटर के प्रभारी डा शांति कुमारी दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर योग प्रशिक्षक घनश्याम महतो ने समारोह में उपस्थित विद्यार्थी व आम लोगों को प्रायोगिक रुप में दर्जनों आसन के गुर सिखाए। मौके पर राकेश कुमार, नितिन कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार सेठ, आदि उपस्थित थे।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, छात्र, अभिभावक व शिक्षक किए योग आसन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुस्को स्कूल साउथ पार्क में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमे 500 छात्रों, 50 अभिभावकों और 46 शिक्षकों ने योग आसन किए। प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक अर्चना गौतम



द्वारा आयोजित विशेष योग सत्र के साथ मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से स्कूल परिसर में वसुधैव कुटुम्बकम की थीम के साथ एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए प्रभावी रूप से हमारी सामूहिक आकांक्षा को समाहित करते हुए 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहरबेड़ा मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहरबेड़ा के मैदान में छात्र के साथ ग्रामीण महिला व लोगों ने योग की महत्ता और उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों को समझाने के लिए एकत्रित होकर योग किया। योग शिक्षक मधुसूदन महतो ने इस योग दिवस पर योग की प्रशंसा की और सभी मौजूद लोगों को योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। योग का महत्त्व समझाते हुए बताया कि योग प्राचीन युग से ॠषि मुनि द्वारा दिया गया एक वरदान है जो हमारे शरीर, मन, और मस्तिक को संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। योग का अभ्यास हरेक व्यक्ति को रोज करना चाहिए।

## ऑनलाइन होटल गेस्ट पुलिस वेरिफिकेशन सुविधा की लॉन्चिंग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन और जमशेदपुर पुलिस द्वारा तैयार ऑनलाइन होटल गेस्ट पुलिस वेरिफिकेशन सुविधा का बुधवार को जमशेदपुर के वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार ने शुभारम्भ किया। होटल रमाडा में आयोजित एक समारोह में इस नयी सेवा को पेश किया गया. इस अवसर पर जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रविश रंजन ने बताया कि जमशेदपुर पुलिस ने नयी सेवा के तहत एक सेंट्रलाइज्ड ईमेल आईडी जाई किया गया है जिसके तहत होटल संचालक गेस्ट सम्बंधित सारी जानकारी पुलिस को ईमेल के जरिये प्रदान कर सकेंगे। इस नयी सुविधा से होटल संचालकों को 40 लाख सालाना की बचत होगी। नई प्रणाली के लागू होने से अब होटल अतिथियों को पुरानी मैन्युअल प्रमाणिकरण प्रक्रिया का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मुहिम, जिले में शुरु हुआ प्रोजेक्ट परख, पढ़ाई और खेल

### उप विकास आयुक्त ने शिक्षा विभागीय पदाधिकारी, प्राचार्यों के साथ किया बैठक, दिए कई जरूरी दिशा-निर्देश

**प्रत्येक शनिवार को सरकारी विद्यालयों में लिया जाएगा टेस्ट, जिला स्तर पर होगा अनुश्रवण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरकारी विद्यालयों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार सीखने व सीखाने की प्रक्रिया में जरूरी बदलाव लाकर ही किया जा सकता है । शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतरीन बनाने के लिए शिक्षकों को जरूरी पड़े तो पढ़ाने के तरीकों में बदलाव लाने होंगे, आरंभ से ही विद्यार्थियों की नींव मजबूत करने की दिशा में मेहनत करनी होगी। शिक्षा का सही उद्देश्य तथ्यों का नहीं बल्कि मूल्यों का सही ज्ञान होना है उक्त बातें उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने जिले की उपायुक्त के निर्देशानुसार शिक्षा विभागीय पदाधिकारियों तथा सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ जिला सभागार में आहूत बैठक में कही । बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निर्मला बरेलिया, सभी बीईईओ तथा शिक्षा विभागीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । उन्होने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा के परिणामों पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि इस प्रदर्शन को और आगे बढ़ाते हुए अगले वर्ष जिला को पांचवें से नंबर एक पायदान पर लाना है। क्या किया उसे भूलकर अब कैसे करेंगे उसपर फोकस करें। हम सभी का सामूहिक प्रयास इस दिशा में हो कि अगले वर्ष एक भी बच्चा सेकेंड या थर्ड डिविजन से नहीं बल्कि सिर्फ फर्स्ट डिविजन से पास करें ।

**खाली दिमाग को खुले दिमाग में बदलें, बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति जगायें:** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में आत्मविश्वास जगे, पढ़ाई से दूर नहीं भागें, नियमित विद्यालय आएं, परीक्षा में बैठने का डर खत्म हो, बोर्ड परीक्षा के परिणामों में आशातीत सफलता मिले इस दिशा में उप विकास आयुक्त द्वारा जिले में प्रोजेक्ट परख पढ़ाई और खेल की शुरुआत की गई । उन्होने इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि अब हर शनिवार को सरकारी विद्यालयों में साप्ताहिक टेस्ट लिया जाएगा जिसका प्रश्न पेपर जिला स्तर पर गठित कुशल शिक्षकों की टीम बनायेगी। उन्होने जिला शिक्षा पदाधिकारी को 50 शिक्षकों का एक पुल बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों के बेस्ट शिक्षकों का नाम प्राचार्य जरूर सुझायेंगे लेकिन शिक्षक अपनी स्वेच्छा से ही जुड़ना चाहें तो इससे जुड़ें, किसी पर कोई दवाब नहीं होगा । प्रारंभिक दौर में इसे 147 उच्च विद्यालयों के कक्षा 9, 10,11 एवं 12 में शुरू किया जाना है हालांकि अगले शनिवार को आयोजित होने वाला साप्ताहिक टेस्ट अभी सिर्फ 10वीं और 12वीं के कक्षाओं के लिए आयोजित होगी। जिला स्तर पर इस पूरे अभियान का गहन अनुश्रवण किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने प्रोजेक्ट परखः पढ़ाई और खेल के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसमें अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साप्ताहिक टेस्ट का रिजल्ट अगले सोमवार को देंगे जिसके मार्क्सशीट पर माता-पिता का हस्ताक्षर बच्चे करायेंगे। अंगूठा लगाने वाले माता-पिता को भी इस प्रोजेक्ट के तहत हस्ताक्षर करना सिखाया जाएगा । खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनकी गलतियों से अवगत कराते हुए अच्छा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं, अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल के सुबह के प्रार्थना के समय विद्यालय स्तर से सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर उनके माता-पिता को भी आमंत्रित करेंगे । 15 अगस्त तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले बेस्ट 20 स्कूल तथा उनके बच्चों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

**विद्यालय परिसर को रखें साफ-स्वच्छ, परिसर में करें पौधारोपण**

उप विकास आयुक्त ने कहा कि बच्चे जब विद्यालय परिसर में आएं तो वहां के वातावरण से भी उन्हें कुछ न कुछ सीख मिले । विद्यालय परिसर को साफ-स्वच्छ रखें तथा प्राचार्य एवं शिक्षक कम से कम एक-एक पौधा जरूर लगायें। बच्चों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। बच्चों के शारीरिक, मानसिक प्रगति का ध्यान रखते हुए खेलकूद की गतिविधि से भी जोड़ें। बच्चों में नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान हो, परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें इस दिशा में उनके नींव मजबूत करने की दिशा में कार्य करें ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यालयों व संस्थानों में लोगों ने किया योगाभ्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कांड्रा, गम्हरिया के विभिन्न कार्यालयों, स्कूलों व संस्थानों में शिविरों का आयोजन कर लोगों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रखंड परिसर में बीडीओ मारुति मिंज, सीओ मनोज कुमार समेत सभी प्रखण्ड व अंचलकर्मियों ने योगाभ्यास कर अपने दिनचर्या मे प्रतिदिन इसे शामिल करने का संकल्प लिया। संत कबीर सेवा संस्थान द्वारा संचालित संस्कारोदय अकादमी, गम्हरिया व संस्कार किड्स स्कूल मे नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर सुमित सिंह, होपना सोरेन, मोनिका कुमारी, खुशी कुमारी, सुमन माया, संजना कुमारी, प्रिया कुमारी, रीना देवी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व प्रमाणिक के बच्चे मौजूद थे। गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में आयोजित योगाभ्यास में विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय, प्रशासक रीमा बनर्जी, सचिव शिप्रा पॉल समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगाभ्यास किया। एक्सआईटीई कॉलेज में आयोजित योगाभ्यास में उप प्राचार्य फादर मुक्ति, योग गुरु दुलाल पात्रा, आदि थे।

## नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन परिसर पर 4.33 करोड़ की लागत से नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल एवं पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम कार्यालय कक्ष, मल्टी परपस हॉल, सीसीटीवी कैमरा, विधानसभा वार बनाए गए ईवीएम स्टोर, लोडिंग-अनलोडिंग यार्ड, पार्किंग इत्यादि का जायजा लिया। इस अवसर पर एडीसी सुबोध कुमार, एसडीओ सरायकेला रामकृष्णा कुमार, आदि थे।

## जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। पूर्वी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिरसानगर जोन नंबर 1 स्थित गुड़िया मैदान में योग किया। 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन



यादव मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान पूर्व सीएम रघुवर दास के संग हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों ने योग किया। योग्याभ्यास से पूर्व, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महिला पतंजलि योग समिति की योग प्रशिक्षक सुधा झा को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। श्री दास ने कहा कि आधुनिक युग में लोग तनाव की जिंदगी जी रहे हैं, ऐसे में मानसिक शांति एवं संतुलन के लिए योग सबसे बेहतर और कारगर है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि योग से ना सिर्फ स्वस्थ रहा जा सकता है। बल्कि शरीर के विभिन्न रोगों में इस्तेमाल होने वाली कई महंगी दवाइयों से भी छुटकारा मिल सकता है। इस दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप ने किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, आदि थे।

## दिव्यांगों के जीवन में खुशियां भरना सबसे बड़ा पुण्य : अपर उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज कंपनी की ओर बुधवार को छोटा गम्हरिया स्थित नरेंद्र भवन में तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग सह कैलिपर प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि उपस्थित अपर उपायुक्त सुबोध कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की मदद करना एवं उनके जीवन में खुशियां भरना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। दिव्यांग होना अभिशाप नहीं, बल्कि यह ईश्वर का दिया हुआ अनमोल वरदान समझें। एडीसी ने शिविर का मुआयना कर सीएसआर के तहत किए जा रहे कंपनी के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर बीडीओ मारुति मिंज ने कहा कि




कृत्रिम अंग प्रदान कर कंपनी प्रबंधन ने बेमिसाल एवं उत्कृष्ट कार्य किया है। इस मौके पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट अविनाश झा, रश्मि तिवारी एवं भुवनेश पारिक ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि 500 जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें कोल्हान के तीनों जिले से जरूरतमंदों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। इस मौके पर शिवार्य विक्रम बंसल, तपन पाढ़ी, राकेश झा, विकास राय, सौरभ अधिकारी, अनिल कनौजिया, रंजय कुंडू आदि उपस्थित थे।

## परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के 11वी में नामांकन से वंचित टीएनपी छात्रों का विवाद पहुंचा थाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन से वंचित टीएनपी व आरटीई छात्रो का विवाद बुधवार को जादूगोड़ा थाना पहुंच गया। जिसकी अगुवाई पूर्व जिला परिषद बाघराय माडी ने की। थाने को सौपे पत्र में अभिभावकों ने प्राचार्य एन के बलडिया पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। इस बाबत अभिभावक दीपक दास ने कहा कि यूसील के पूर्व सीएमडी रमेंद्र गुप्ता ने गरीब बच्चो को बेहतर शिक्षा मिले जिसकी लेकर कंपनी स्कूल परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में मुफ्त शिक्षा की शुरुआत पहली से बारहवी तक की थी। सभी बच्चे मैट्रिक पास कर जब 12वी में नामांकन का समय हुआ तो उनके बच्चे को नामांकन विद्यालय में नही की जा



रहा है जबकि पढ़ाई शुरू हो गई है। स्कूल प्राचार्य का यह रवैया बच्चों के शिक्षा का अधिकार के साथ खिलवाड़ है। उनकी मांग है कि सभी वंचित 25 से 26 बच्चों को उसी स्कूल में आगे की पढ़ाई बारहवी तक पढ़ने दिया जाय। इस बाबत विद्यालय प्राचार्य एन के बलाडिया से पूछने पर उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी मुंबई के गाइड लाइन के तहत मेरिट के आधार प मैट्रिक पास टीएनपी के बच्चों का नामांकन हुई है। वैसे बच्चे जिनका परीक्षा परिणाम सोसायटी के गाइड लाइन के तहत अहर्ता पूरा नही करता। उसका नामांकन रोका गया है जबकि अभिभावक मैट्रिक में कम प्रतिशत अंक लाने वाले टी एन पी के छात्रों का जबरन नामांकन चाहते है। ऐसे में उनका विवाद ही गलत है। इधर नामांकन न होने से अभिभावकों ने आगामी 26 जून से धरना को घोषणा कर दी है।

## आरवीएस कॉलेज में डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरु पहले 50 बच्चों का होगा नामांकन शुल्क माफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर में डिप्लोमा पाठयक्रम शुरू करने की अनुमति एआईसीटीई ने दे दी है। इस वर्ष यह पाठयक्रम सिविल इंजीनियरिंग, मेकैनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, के लिए दी गई है। सिविल इंजीनियरिंग में 60, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60 एवं मेकैनिकल इंजीनियरिंग में 60 सीट दिये है। आरवीएस ने पिछले वर्ष बीसीए एवं बीबीए के पाठयक्रम को शुरू किया और इस वर्ष डिप्लोमा की शुरूआत भी हो गई। बीसीए एवं बीबीए कोर्स के लिए झारखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय ने 60/60



सीट दिए हैं। झारखण्ड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के डिप्लोमा सेलेबस के अलावा भी संस्थान इंजीनियरिंग कोर्स की तरह डिप्लोमा के भी, द्वितीय सेमेस्टर में सॉफ्ट स्किल तृतिय सेमेस्टर में आईआईटी खड़गपुर से एनपीटीएल कोर्स चतुर्थ एवं पंचम सेमेस्टर में इलेक्ट्रिकल वेहिकल लर्निंग (प्रथम व द्वितीय) एवं छठे सेमेस्टर में इन्डस्ट्रियल ट्रेनिंग को शामिल किया गया है। डिप्लोमा कोर्स के लिए शुल्क 21500/- प्रति सेमेस्टर है। डिप्लोमा के प्रथम बैच में नामांकन कराने वाले प्रथम 50 बच्चों को नामांकन शुल्क पूर्णतः माफ करने का प्रावधान रखा गाया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हम अपनी गुणवता में बढ़ोतरी के लिए सिर्फ सिलेबस पर ही ध्यान केन्द्रित नहीं करते हैं, बल्कि छात्रों के स्किल को बढ़ाने के लिए अन्य कोर्स भी कराते हैं ताकि प्लेसमेंट में हमारे छात्र आगे रहें और यही कारण है कि हम आज प्रत्येक वर्ष 85 से 90 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट कराने में भी सफल रहे है। संस्थान के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा की इस वर्ष हमारे 100 छात्र एनपीटीएल कोर्स में भी क्वालिफाई किए हैं। कई वर्षो से छात्र-छत्राओं के अभिभावक एवं कंपनी के ऑफिसर्स भी यही चाहते थे कि डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करायें जाएँ। संस्थान के सचिव भरत सिंह ने कहा की आने वाले समय में आरवीएस कॉलेज में बी फार्मा, डी फार्मा एवं नर्सिंग की कोर्स को जोड़ने जा रही है। निदेशक डॉ आरएन गुप्ता ने भी डिप्लोमा पाठ्क्रम के जुड़ने की बधाई दी।

## स्टेप बाय स्टेप में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सी एच क्षेत्र स्थित प्ले स्कूल, स्टेप बाय स्टेप द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अवसर पर ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र 'वसुधैव कुटुम्बकम, हर आँगन योग' पर आधारित था। प्रिंसिपल डॉली उपाध्याय ने बताया कि स्कूल में गर्मी की छुट्टियां होने की वजह से योग दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें टीचर्स एवं सभी बच्चों ने ध्यानयोग और प्राणायाम किए। विद्यालय के सभी बच्चें भी इस योगासन में पूर्णरूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा, योग शरीर, मन और आत्मा के लिए एक पूर्ण व्यायाम है। यह स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, मानसिक तनाव को कम करने, और उच्चतम स्तर पर जीवन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में मदद करता है। हमें योग को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बनाना चाहिए। स्टेप बाय स्टेप स्कूल ने छात्रों और शिक्षकों को योग के महत्वपूर्ण सिद्धांतों और तकनीकों के बारे में जागरूक करने का मकसद रखा है।

## संपादकीय

# नाम गुम नहीं होगा

**देश** के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तक नामकरण बदलने की जरूरत क्या है? प्रधानमंत्री, अंततः देश का प्रधानमंत्री होता है और वह संवैधानिक होता है। यदि कैबिनेट ने किसी स्थान, भवन, संस्थान, पुरस्कार आदि का नामकरण, किसी प्रधानमंत्री के नाम पर, तय किया है, तो उसे एक अच्छी, खूबसूरत लोकतांत्रिक परंपरा के तौर पर स्वीकार करना चाहिए। यदि मौजूदा प्रधानमंत्री किसी पूर्व प्रधानमंत्री के स्मारक में हस्तक्षेप करता है और नामकरण ही बदल दिया जाता है, तो यह राजनीति की क्षुद्रता है। कमोबेश मौजूदा प्रधानमंत्री यह तो स्पष्ट करेंगे कि ऐसा क्यों किया गया? क्या सरकारें पहले की कैबिनेट के फैसलों को खारिज करने में ही जुटी रहेंगी? ऐसा करने से किसी प्रधानमंत्री स्तर के व्यक्तित्व का नाम, कद, ख्याति गुम नहीं हो सकते और न ही ऐसा जबरन किया जा सकता है। भारत में चंद्रशेखर, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल सरीखे प्रधानमंत्री भी हुए हैं, जिनके कार्यकाल बेहद कम रहे, लेकिन प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने जो भी निर्णय लिये, वे इतिहास में दर्ज हैं। देश उनके नाम पर मिट्टी फेरकर गुम नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री के तौर पर पंडित नेहरू की लंबी विरासत है। 1947 से लेकर 27 मई, 1964 तक वह लगातार प्रधानमंत्री चुने जाते रहे। वह कालखंड संक्रमण, संकट और अभाव का था। आज के भारत की अर्थव्यवस्था 3.75 ट्रिलियन डॉलर की है। उसकी तुलना में तब भारत 'गरीब देश' ही था। यदि प्रधानमंत्री के तौर पर नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर देश की 74 सडक़ों और भवनों, 98 शैक्षणिक संस्थानों, 52 राष्ट्रीय पुरस्कारों, 39 अस्पतालों, 15 राष्ट्रीय अभयारण्य, 28 खेल मुकाबलों, 19 स्टेडियम, 15 फेलोशिप, 09 हवाई अड्डों, 12 केंद्रीय और 52 राज्य योजनाओं तथा 37 अन्य संस्थानों के नामकरण किए गए थे, तो आज उन्हें खुरचने या मिटाने अथवा बदलने के औचित्य और तर्क क्या हैं? इन नेताओं को भरपूर जनादेश मिले और उन्होंने देश का नेतृत्व किया था। इन नामकरणों को 'वंशवाद' की परिधि में तब बांधा जा सकता था, यदि वे किसी साम्राज्य की पीढ़ी-दर-पीढ़ी ईकाई होते और उनका 'राजतिलक' शाही परंपराओं के मुताबिक किया जाता। ब्रिटेन के महाराजा किंग चाल्र्स की हालिया ताजपोशी लोकतांत्रिक नहीं है, लेकिन भारत में नेहरू-गांधी नामधारी प्रधानमंत्रियों के अलावा, असंख्य नेताओं के नामकरण पर सार्वजनिक स्थल और स्मारक हैं। यह सूची बहुत लंबी है। देश बखूबी जानता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'नेहरू मेमोरियल एंड लाइब्रेरी' का नामकरण बदल कर 'प्रधानमंत्री स्मारक एवं पुस्तकालय' कर दिया है। इसका तर्क क्या हो सकता है? प्रधानमंत्री के रूप में यह भवन 16 साल तक नेहरू का आधिकारिक आवास था। उनकी स्मृतियां हैं। स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़ी यादें और कुछ महत्त्वपूर्ण दस्तावेज यहां हैं। देश के दिवंगत प्रधानमंत्रियों की स्मृति में राजधानी दिल्ली में सैकड़ों एकड़ के भूखंड आवंटित किए गए हैं। उन्हें पर्यटन-स्थल भी बनाया गया है। जिन आवासों में नेतागण रहते थे, उन्हें स्मारक भी बनाया गया है और उन्हीं के नाम पर... ! नेहरू के नाम पर क्या दिक्कत है? परेशान करने वाली यह प्रवृत्ति है कि ऐसे फैसलों पर प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साध लेते हैं, जबकि खुद उनके ही फैसले होते हैं। सवाल है कि क्या नेहरू-गांधी के नामकरण वाले स्मारकों का नाम बदलना ही भाजपा की राजनीति है? ये नामकरण प्रधानमंत्री मोदी को क्यों चुभते हैं और उन्हें बदल कर भाजपा कौन-सा लंबा-चौड़ा जनादेश हासिल कर सकती है? इस विषय पर मोदी को चुप्पी तोड़ते हुए स्पष्टीकरण देना चाहिए।


देश का प्रधानमंत्री होता है और वह संवैधानिक होता है। यदि कैबिनेट ने किसी स्थान, भवन, संस्थान, पुरस्कार आदि का नामकरण, किसी प्रधानमंत्री के नाम पर, तय किया है, तो उसे एक अच्छी, खूबसूरत लोकतांत्रिक परंपरा के तौर पर स्वीकार करना चाहिए। यदि मौजूदा प्रधानमंत्री किसी पूर्व प्रधानमंत्री के स्मारक में हस्तक्षेप करता है और नामकरण ही बदल दिया जाता है, तो यह राजनीति की क्षुद्रता है। कमोबेश मौजूदा प्रधानमंत्री यह तो स्पष्ट करेंगे कि ऐसा क्यों किया गया? क्या सरकारें पहले की कैबिनेट के फैसलों को खारिज करने में ही जुटी रहेंगी? ऐसा करने से किसी प्रधानमंत्री स्तर के व्यक्तित्व का नाम, कद, ख्याति गुम नहीं हो सकते और न ही ऐसा जबरन किया जा सकता है। भारत में चंद्रशेखर, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल सरीखे प्रधानमंत्री भी हुए हैं, जिनके कार्यकाल बेहद कम रहे, लेकिन प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने जो भी निर्णय लिये, वे इतिहास में दर्ज हैं। देश उनके नाम पर मिट्टी फेरकर गुम नहीं कर सकता।


## कुछ अलग

# और कितने माल रोड

**हिमाचल** की शक्ल बदलने का ख्याल तो अच्छा है, लेकिन क्या इंतजाम भी अच्छा होगा। यह सवाल सत्ता की दहलीज पर हर बार मुड़ कर आता है और अपने ही जनप्रतिनिधियों के रिपोर्ट कार्ड बनाते हुए पछतावा करता है। यह इसलिए कि पूर्व में विकास या शिलान्यास के जितने खाके बने, उनके कई पत्थर आज भी शर्मिंदा हैं। शर्मिंदा है वह भीड़ जो मंचों से उतरते इंकलाब में शरीक हो जाती है, लेकिन अंत में ढाई आखर विकास के कहां-कहां धूमिल होते हैं, कोई नहीं जानता। घोषणाओं की सर्वश्रेष्ठ सूची में सरकारों के मंसूबे और ओहदे गूंजते रहे हैं और इन्हीं में से इस बार भी कई रोचक पहलू सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक बड़ा ख्वाब हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली दिखा रहे हैं। हिमाचल में पर्यटन के महानगर तो बनते रहे हैं, लेकिन इस बार कांगड़ा जिला को इसकी राजधानी बनाने की रूपरेखा में संकल्प की विधा ही बदल गई। कई परियोजनाएं महाकाव्य जैसी सुरीली और भविष्य के संगीत सुनाती हुई प्रतीत होती हैं। स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू इनकी मानीटरिंग कर रहे हैं और अगर इसका पचास फीसदी भी हासिल हो गया, तो कथनी और करनी की एकजुटता में सरकार के सरोकार ईमानदार घोषित हो जाएंगे। इसी बीच पर्यटन घोषणाओं की सरदारी करता बाली का वह इरादा अपने लिए सुखद जगह घेरता प्रतीत होता, जहां 'काबीना दर्जा' हासिल उनका रुतबा बार-बार याद दिला रहा है कि नगरोटा बगवां सहित कई बाजार आइंदा माल रोड बन जाएंगे। बेशक यह घोषणा नई नहीं, लेकिन इस बार पर्यटन परियोजना के तहत कुछ पैसा भी गूंज रहा है। माल रोड का नाम लेते ही शिमला की संस्कृति, शिष्टाचार और ब्रिटिश योजना का प्रारूप सशक्त होता है। माल रोड यानी ऐसा पथ जिसके ऊपर वाहन नहीं, केवल इनसानों के कदम चलेंगे। एक ऐसा बाजार जहां ग्राहक को वाहन नहीं कदम लाएंगे। यह संकल्प नागरिक समाज में कई शहरों में उठता रहा और कई प्रयोग हुए भी, लेकिन जनता और व्यापारियों के दबाव ने एक न चलने दी। सोलन का उदाहरण हमारे सामने है, जहां कुछ घंटे वाहन रोकने या एकतरफा चलाने की तहजीब आज तक मुकम्मल नहीं हुई, तो हमीरपुर में नागरिकों की मांग के बावजूद व्यापारी वर्ग मुख्य बाजार को माल में बदलने को राजी नहीं हुआ। जिस प्रदेश में मंदिरों के मुहाने तक पहुंचने के लिए वीआईपी सडक़ का होना राजनीतिक प्रदर्शन रहा हो, वहां वाहन रहित बाजार बनाने की एक स्पष्ट नीति और विकल्प चाहिए। पहले यह तो तय करें कि माल रोड की संरचना किस विभाग की जिम्मेदारी है और यह भी सोचें कि जहां लोग बाइपास की अहमियत को जाने बिना बाजारों से गुजरना पसंद करते हों, जहां आपसी भाईचारे या व्यापारी वर्ग की हिस्सेदारी में मुख्य बाजारों में उन्हीं के वाहन खड़े रहते हों, वहां माल रोड सबसे पहले सभ्यता, शिष्टाचार और अनुशासन का प्रश्न है। यह शहरी विकास विभाग या शहरी नियोजन (टीसीपी) की देखरेख में योजनाबद्ध होना चाहिए। यह ट्रांसपोर्ट विभाग के नक्शे पर यातायात के विकल्पों से संभव होगा तथा पर्यटन की दृष्टि से सुसज्जित अधोसंरचना के मुताबिक होगा। मसलन अगर नगरोटा बाजार को माल रोड बनाना है, तो इसे पूर्ण रूप से वाहनों के लिए वर्जित करना होगा। ऐसे में बाजार के दोनों छोर के साथ पार्किंग एवं बस ठहराव बनाने पड़ेंगे, जबकि बीच में व्यापारिक उद्देश्य या आवागमन के लिए गोल्फ कार्ट या छोटे-छोटे इलेक्ट्रिक वाहन चलाने पड़ेंगे। ऐसे में शहरी विकास की भूमिका तब पूरी होगी, जब हिमाचल के तमाम शहरों व कस्बों के बीच इंटर सिटी तथा लोकल बस सर्विस के तहत नई योजनाओं को स्पष्ट किया जाएगा। शहरी विकास की परिकल्पना केवल इक्का-दुक्का शहरों पर प्रयोग करने से नहीं सुधरेगी, बल्कि बढ़ते शहरीकरण को हर नगर से गांव तक अंगीकार करना होगा।

### 14 उद्योगों को करीब 1.97 लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए

# अब मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बढ़ी नौकरियां

डा. जयंतीलाल भंडारी


पिछले 31 महीनों में पीएमआई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। यह स्पष्ट रेखांकित हो रहा है कि उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। हाल ही में केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना-2.0 को स्वीकृति देते हुए इसके लिए 17000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। इस पीएलआई योजना से चीन से अन्यत्र जा रही विश्व की दिग्गज आईटी हार्डवेयर कंपनियों के भारत आने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही भारत से आईटी हार्डवेयर का निर्यात भी तेजी से बढने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।


**यकीनन** देश के बढ़ते हुए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार के मौके भी तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहे है। पिछले माह मई 2023 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 58.7 पर पहुंच गया। पिछले 31 महीनों में पीएमआई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। यह स्पष्ट रेखांकित हो रहा है कि उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। हाल ही में केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना-2.0 को स्वीकृति देते हुए इसके लिए 17000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। इस पीएलआई योजना से चीन से अन्यत्र जा रही विश्व की दिग्गज आईटी हार्डवेयर कंपनियों के भारत आने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही भारत से आईटी हार्डवेयर का निर्यात भी तेजी से बढने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि सरकार ने आईटी हार्डवेयर की इस नई पीएलआई योजना के पिछले स्वरूप के लिए 7325 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इस योजना का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को बढ़ावा देते हुए लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और आधुनिक कंप्यूटिंग उपकरणों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। इस पीएलआई योजना में किए गए नए बदलावों और प्रोत्साहनों से सरकार को उम्मीद है कि तय अवधि में आईटी हार्डवेयर क्षेत्र में 2430 करोड़ रुपये के निवेश आने के साथ-साथ 75000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने और उत्पादन मूल्य 3.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का परिदृश्य दिखाई दे सकेगा। ज्ञातव्य है कि देश में वर्ष 2020 से शुरू हुए आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत उद्योगों को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। देश को इस सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ाने और चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले तीन वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब 1.97 लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। पीएलआई योजना के तहत पांच वर्षों में 60 लाख नौकरियों के अवसर सृजित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 फीसदी योगदान देने वाला मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर करीब 2.73 करोड़ से अधिक श्रमबल के




साथ अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माता है और तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल मार्केट है। भारत का फार्मा उद्योग उत्पादित मात्रा के आधार पर दुनिया में तीसरे क्रम पर है। साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला तीसरा बड़ा विनिर्माण गंतव्य है। इलेक्ट्रानिक्स और रक्षा क्षेत्र में लगातार आयात पर निर्भर रहने वाला भारत अब बड़े पैमाने पर इनका निर्यात करने लगा है। देश में ऑटोमोबाइल, फार्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल सेक्टर जैसे मैन्युफैक्चरिंग के विभिन्न सेक्टरों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह तेजी से बढ़ रहा है। भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 447 अरब डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। देश से बढ़ते हुए मैन्युफैक्चरिंग निर्यात मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गतिशील कर रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए सरकार रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रही है। भारत को एक वैश्विक डिज़ाइन और विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिए मेक इन इंडिया 2.0, मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए तकनीकी समाधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग 4.0, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी अवसंरचना परियोजना के लिए पीएम गति शक्ति और उद्योगों को डिजिटल तकनीकी शक्ति प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया जैसी सफल पहलों के कारण भारत चतुर्थ औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारतीय कंपनियां शोध व नवाचार में आगे बढ़ रही हैं। ऑटोमेशन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों पर भी उद्योग की ओर से अपेक्षित ध्यान दिया जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि ऐसे विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों के कारगर कार्यान्वयन से वर्ष 2025 तक जीडीपी का 25 फीसदी योगदान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से आएगा। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात की 100वीं कड़ी में कहा कि देश में स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया है और इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भारी प्रोत्साहन मिला है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चीन के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनने से भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नया आधार मिल रहा है। भारत सस्ती लागत और कार्य कौशल के मद्देनजर विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ते हुए दिखाई दे रहा है। 85 देशों के मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज एंड वल्र्ड रिपोर्ट-2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम विनिर्माण लागत वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। जैसे-जैसे सरकार के द्वारा चीन से आयात होने वाले घटिया स्तर के उत्पादों पर विभिन्न तरह से प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं, वैसे-वैसे देश में मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों का उत्पादन बढ़ रहा है। फुटवियर मेड फ्रॉम लेदर एंड अदर मटेरियल (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर 2022 के तहत देश में एक जुलाई से, क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू होने के बाद देश में चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया और बंगलादेश से होने वाले घटिया जूते-चप्पलों के आयात में बड़ी कमी आएगी। चीन से सबसे अधिक फुटवियर का आयात होता है। पिछले वित्त वर्ष में 2022-23 में 85.85 करोड़ डॉलर मूल्य के फुटवियर का भारत में आयात किया गया है। अब फुटवियर का घरेलू मैफैक्चरिंग बढ़ेगा व रोजगार बढ़ेंगे। अब चीन से खाद्य संस्करण उत्पादों के आयात में भी अवश्य ही कमी आएगी। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार जिस तरह देश में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात से संबंधित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों को प्रोत्साहन दे रही है, उससे फूड प्रोसेसिंग, मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की संभावनाएं भी आगे बढ़ी हैं। यद्यपि देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर आगे बढ़ रहा है, लेकिन देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए अभी मीलों चलना बाकी है। व्यापक नीतिगत सुधारों के तहत सभी उत्पादों के कारोबारों के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुशल श्रमिकों की आवश्यकता की पूर्ति के साथ-साथ नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन पर ध्यान देना होगा।

# योग के क्षेत्र में करियर बनाने के अवसर


भारतीय संस्कृति और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भारत में योग का इतिहास बहुत पुराना है और महर्षि पतंजलि के योगसूत्र इसके मूल में हैं। मौजूदा समय में शरीर को स्वस्थ रखने और तनाव को दूर करने के लिए विश्व स्तर पर योग सबसे सटीक माध्यम है। आज स्ट्रैस और हाइपरटेंशन भरे माहौल में योग का महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। योग की लोकप्रियता को देखते हुए इस क्षेत्र में करियर के भी अवसर बढ़े हैं। 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। लाखों लोगों के लिए योग अब एक पसंदीदा करिअर ऑप्शन भी बन गया है। योग को अपनाने से न सिर्फ आप सेहतमंद हो सकते हैं बल्कि आप इसमें बेहतर करिअर भी बना सकते हैं। आज पूरी दुनिया में योग टीचर और एक्सपट्र्स की मांग बढ़ती जा रही है। योग शिक्षक बनने से पहले जरूरी है कि आपको योग की पूरी समझ और जानकारी हो क्योंकि योग में आसनों को सही तरीके से करना जरूरी है।


**पौराणिक** काल से शुरू हुए योग की लोकप्रियता आज दुनियाभर में फैल चुकी है। योग की उत्पत्ति संस्कृत शब्द 'युज' से हुई है जिसका अर्थ है जोडऩा। आत्मा का परमात्मा से जुडऩे का माध्यम ही योग है। भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, लेकिन व्यस्तता के बीच अकसर हम अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में योग बहुत ही सरल उपाय है जिसके जरिए हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। भारतीय संस्कृति और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भारत में योग का इतिहास बहुत पुराना है और महर्षि पतंजलि के योगसूत्र इसके मूल में हैं। मौजूदा समय में शरीर को स्वस्थ रखने और तनाव को दूर करने के लिए विश्व स्तर पर योग सबसे सटीक माध्यम है। आज स्ट्रैस और हाइपरटेंशन भरे माहौल में योग का महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। योग की लोकप्रियता को देखते हुए इस क्षेत्र में करियर के भी अवसर बढ़े हैं। 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। लाखों लोगों के लिए योग अब एक पसंदीदा करिअर ऑप्शन भी बन गया है। योग को अपनाने से न सिर्फ आप सेहतमंद हो सकते हैं बल्कि आप इसमें बेहतर करिअर भी बना सकते हैं। आज पूरी दुनिया में योग टीचर और एक्सपट्र्स की मांग बढ़ती जा रही है। योग शिक्षक बनने से पहले जरूरी है कि आपको योग की पूरी समझ और जानकारी हो क्योंकि योग में आसनों को सही तरीके से करना जरूरी है। अगर आप एक भी योगासन गलत तरीके से करेंगे या कराएंगे तो वह किसी नई परेशानी को जन्म दे सकता है। योग के क्षेत्र में 12वीं या ग्रेजुएशन के बाद करिअर बना सकते हैं। देश में ऐसे कई संस्थान हैं जो योग में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेस ऑफर करते हैं। योग में 3 साल की डिग्री के साथ ही 1 साल और 6 माह के डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा बैचलर ऑफ आट्र्स (योग), बैचलर ऑफ साइंस (योग), मास्टर्स ऑफ आट्र्स (योग), मास्टर ऑफ साइंस (योग), पीएचडी (योग) की डिमांड सबसे ज्यादा है। अगर आप योग एक्सपर्ट और नैचुरोपैथ के तौर पर करियर विकसित करना चाहते हैं तो साढ़े पांच साल का बैचलर ऑफ नैचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (बीएनवाईएस) कोर्स किया जा सकता है। योग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेज की बात करें तो पीजी डिप्लोमा इन योग एजुकेशन, पीजी डिप्लोमा इन योग थैरेपी, सर्टिफिकेट कोर्स इन योग, फाउंडेशन कोर्स इन योग, एडवांस योग टीचर्स ट्रेनिंग, मास्टर क्लास फॉर योग टीचर्स जैसे कोर्स उपलब्ध हैं। योग टीचर की सैलरी उनकी योग्यता, स्थान, अनुभव और प्रसिद्धि पर निर्भर करती है। हालांकि शुरुआत में औसतन 10 हजार से 25 हजार की सैलरी पा सकते हैं। बाद में जैसे-जैसे इस क्षेत्र में अनुभव बढ़ता जाता है उसके अनुसार सैलरी और अवसर भी बढ़ते जाते हैं। इसके अलावा विदेशों में भी योग ट्रेनर्स अच्छे पैकेज पर हायर किए जाते हैं। योग में पीएचडी धारकों को 1 लाख तक सैलरी मिल सकती है। योग एक विज्ञान है जिसे सीखने के लिए योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक की जरूरत होती है। योग शिक्षक अपना खुद का काम भी शुरू कर सकते हैं। हमारे देश में ऐसे कई उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान हैं जहां इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, कॉमर्स और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन जैसी फील्ड की तर्ज पर योग का प्रोफेशनल तौर पर शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है। हमारे देश में योग ट्रेनिंग के प्रतिष्ठित संस्थानों में मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग, नई दिल्ली, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड, पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड, बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, मध्य प्रदेश, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, मध्य प्रदेश, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्य प्रदेश, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर, मध्य प्रदेश, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, मध्य प्रदेश, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय कटनी, मध्य प्रदेश, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा, स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान बेंगलुरू, कर्नाटक, बिहार स्कूल ऑफ योग मुंगेर, बिहार और कैवल्यधाम योग इंस्टिट्यूट पुणे, महाराष्ट्र शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अस्तित्व में आने के बाद देश-दुनिया में योग को तेजी से अपनाया जा रहा है। भारत में भी योग के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। योग के शरीर और मस्तिष्क पर पडऩे वाले बेहतर और सकारात्मक प्रभाव के कारण लोग इसे अपना रहे हैं। ऐसे में योग अब महज शरीर को स्वस्थ रखने का जरिया नहीं बल्कि एक व्यापक इंडस्ट्री बन गया है जिसमें करिअर बनाने की बेशुमार संभावनाएं हैं। योग के क्षेत्र में डिग्री या डिप्लोमा करने के बाद इस क्षेत्र में सेवाएं देने के लिए भी कई विकल्प मौजूद हैं। योग शिक्षा पाने के बाद आप किसी भी प्राइवेट या सरकारी सेक्टर में जॉब कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपना निजी योग सेंटर भी खोल सकते हैं। योग के क्षेत्र में जॉब के प्रमुख विकल्पों में योग टीचर, योग मैनेजर, योग थैरेपिस्ट, योग इंस्ट्रक्टर, योग कंसल्टेंट, योग एडवाइजर, योग स्पेशलिस्ट, योग प्रैक्टिशनर, योग एरोबिक इंस्ट्रक्टर, पब्लिकेशन अफसर (योग), रिसर्च ऑफिसरए योग एंड नेचुरोपैथी शामिल हैं। योग और योगाभ्यास की बढ़ती लोकप्रियता के चलते आज इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर पहले की तुलना में कहीं ज्यादा हैं। सरकारी, प्राइवेट या निजी सेंटर खोलकर आप इस क्षेत्र में अपना करिअर बना सकते हैं। आज पूरे विश्व में योग का बहुत बड़ा बाजार है, जिससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में योग सिखाने वाले लोगों की संख्या 20-25 करोड़ है।



## देश दुनीया से

# सरकारी नौकरी सीधी नहीं


सरकारी नौकरी के काबिल होना भी अब अनेक तरह की ठोकरों की गिनती है। हर दफ्तर में जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उन्होंने अपनी-अपनी तरह की ठोकरें देखी हैं, भले ही वे इसे राज ही बना रहने दें। खैर उसकी किस्मत में डिग्रियां रही होंगी, इसलिए वह पढ़ कर इन्हें इकट्ठा करता गया और हालत यह हो गई कि उसे यह ज्ञान भी नहीं रहा कि आखिर किस उपाधि के बूते वह उत्तम रोजगार पा लेगा। वह हर दिन डिग्रियों को निहारता और रोजगार के मुहाने तलाश करता। उसे यह अनुभव तो हो गया कि उसकी एमबीए की डिग्री किसी दिन क्लर्क बना देगी या इंजीनियरिंग का सर्टिफिकेट उसे किसी निजी संस्थान में आज्ञाकारी नौकर बना देगा। हुआ भी ऐसा ही और अब वह निजी कार्यालय के स्वागत कक्ष से मालिक के हर आदेश को पूरी तरह अमल में लाने की मशीनरी बन गया है।


**वह** रोजगार के पहियों से बार-बार कुचला गया, फिर भी उसने हिम्मत नहीं हारी। वह हर ठोकर के बावजूद यह प्रण नहीं छोड़ता कि एक दिन सरकारी नौकरी की काबिलीयत में दर्ज हो जाएगा। वैसे जिस सरकारी स्कूल में वह पढ़ा, वहां पढ़ाई खुद सिखा रही थी कि उसकी काबिलीयत अब हर तरह की ठोकर खाने की तो है ही। दरअसल उसको पढ़ाने वाले भी दर-दर की ठोकरें खाने के बाद पढ़ाने की नौकरी के काबिल हो पाए थे। सरकारी नौकरी के काबिल होना भी अब अनेक तरह की ठोकरों की गिनती है। हर दफ्तर में जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उन्होंने अपनी-अपनी तरह की ठोकरें देखी हैं, भले ही वे इसे राज ही बना रहने दें। खैर उसकी किस्मत में डिग्रियां रही होंगी, इसलिए वह पढ़ कर इन्हें इकट्ठा करता गया और हालत यह हो गई कि उसे यह ज्ञान भी नहीं रहा कि आखिर किस उपाधि के बूते वह उत्तम रोजगार पा लेगा। वह हर दिन डिग्रियों को निहारता और रोजगार के मुहाने तलाश करता। उसे यह अनुभव तो हो गया कि उसकी एमबीए की डिग्री किसी दिन क्लर्क बना देगी या इंजीनियरिंग का सर्टिफिकेट उसे किसी निजी संस्थान में आज्ञाकारी नौकर बना देगा। हुआ भी ऐसा ही और अब वह निजी कार्यालय के स्वागत कक्ष से मालिक के हर आदेश को पूरी तरह अमल में लाने की मशीनरी बन गया है। वह अपने स्वामी के आदेशों-निर्णयों से सीख-सीख कर एक कुशल नौकर बन चुका था, लेकिन वह डिग्री के हिसाब से सरकारी खजाने से पगार पाने की ख्वाहिश नहीं छोड़ पाया। वह सरकारी नौकरी की भेड़ बन गया और पूरी भेड़चाल सीख गया। आश्चर्य यह कि सरकारी नौकरी पाने की प्रतिज्ञा ने उसके देवता तक बदल दिए। सरकारी नौकरी के दर्शन के लिए उसने ऐसे नेता देवता बना लिए, जिन्हें देखने मात्र से कोई भी शर्मिंदा हो सकता था। अंततः नेता ने उसे समझाया कि ठोकरें खाने के बजाय सरकारी नौकरी की ठोकरों की कीमत जान ले। वह इस काबिल हो चुका था कि पढ़ाई की ठोकरों से कहीं बेहतर सरकारी नौकरी की ठोकरों को पाकर, उनका मोल-तोल कर ले। वह अब सरकारी कार्यालय का नौकर बन गया है। उसके लिए अब सारी सृष्टि और दृष्टि पूरी तरह घूम रही है। वह एक घुमावदार पद है, जो देश के लिए पहेलियां बना देता है। जिस नेता के कारण वह सरकारी नौकरी का रहस्य जान सका, अब वह उसी नेता के लिए भी रहस्यमय है। दफ्तर की हर कुर्सी पर ऐसे रहस्यों की इबारत शासन कर रही है। सरकारी नौकरी भी दरअसल किसी फिल्म की लांचिंग की तरह है। यहां भी 'फस्र्ट लुक' ही किसी सरकारी नौकर की सफलता और समृद्धि लिख देता है। सरकारी नौकरी का फस्र्ट लुक अगर सौहार्दपूर्ण नजर आ गया, तो फाइलें घूमेंगी और चुटकी बजाकर लोग काम कराएंगे। हर सरकारी दफ्तर में कोई न कोई कर्मचारी जरूर 'हिट' होता है और इसी अंदाज में उसका जीवन 'फिट' होता है। जिस सरकारी नौकर में घुमाव नहीं, वह कार्य संस्कृति के लिए खतरा है और इसीलिए ट्रांसफरें उन्हीं की ज्यादा होती हैं जो यह सोच लेते हैं कि सरकारी नौकरी भी उन्हीं की तरह सीधी है। वह भी सीधी नौकरी की उम्मीद में सरकारी दफ्तर में था, लेकिन उसे रोज कुर्सी डराती थी। कुर्सी पर बैठते ही उसके हाथ शिथिल हो जाते थे, लेकिन जुबान कैंची की तरह चलने लगी। उसके हाथ टनों के हिसाब से मोटे हो गए। वह महीनों तक कोई एक फाइल भी नहीं उठा पाता। दफ्तर में घुसते ही उसके पांव व्यवस्था के गड्ढों में फंस जाते। वह कोशिश करता है कि देश और समाज के लिए ढेर सारा काम करे, लेकिन देश की चर्चाएं उसका समय लूट लेतीं। उसने भी सीख लिया है कि जीवन में अगर कुछ भी स्थायी नहीं, तो वह व्यवस्था को स्थायी बनाकर क्यों किसी दोष का भागीदार बने।

## नागरिक बोध

# पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को तिलांजलि देने की वजह से बढ़ रहे हैं अपराध

**जून** के पहले हफ्ते में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक खबर आई, चौबीस साल छोटी लिव इन पार्टनर की आरी से चीर कर हत्या, हत्या से मुंबई में सनसनी। कुछ अखबारों की खबरों का शीर्षक यह भी, सनसनीखेज हत्या से हिली मुंबई...लेकिन सवाल यह है कि क्या ये महज अखबारी सुर्खियां थीं, टेलीविजन चैनलों की हेडलाइन थी या सचमुच मुंबई हिली..पिछले साल मुंबई की ही लड़की श्रद्धा वाडकर की ऐसी ही हत्या की जानकारी दिल्ली को मिली, तो कुछ ऐसी ही टीवी और अखबारी सुर्खियां बनीं। लेकिन हकीकत यह है कि क्या ऐसी घटनाओं से सचमुच ये महानगर हिले, सचमुच वहां सन्नाटा पसरा। जब भी ऐसी घटनाएं सामने आती हैं तो सन्नाटा होता है, सनसनी फैलती है..लेकिन सिर्फ महानगरों की गलियों तक। ऐसी घटनाएं गांवों में होती हैं तो सचमुच समूचे गांव में सन्नाटा होता है। हालांकि वहां भी स्थितियां बदल रही हैं। जब भी ऐसी लोमहर्षक घटना होती है, एक सवाल जरूर उठता है कि आखिर ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या आज का इन्सान इतने गुस्से में है कि वह जिसके साथ जीने-मरने की कसमें खाता है, जिसके साथ अपना सब कुछ साझा करता है, जीवन के कोमल तंतुओं को सहलाता रहता है, उसे ही इतने निर्मम तरीके से मार डाले। जब दुनिया में वैश्वीकरण की लहर चली, तब समझदारों ने इसके विरोध में आवाज उठाई। आवाज उठाने के मूल में उनकी चिंता थी कि वैश्वीकरण की आंधी अपने साथ भारतीय पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को बहा ले जाएगी। मुंबई की घटना हो या फिर दिल्ली, उन्होंने इसी चिंता की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है। लेकिन दुर्भाग्यवश हम इस ओर कुछ देर तक सोचते हैं, इसकी चिंता करते हैं, फिर वैश्वीकरण की आंधी में मिली आर्थकि ताकत, जीवन जीने के साधनों के साथ मौजमस्ती के साथ आगे बढ़ चलते हैं। जबकि होना कुछ और चाहिए था। हम भूलते चले गए कि भारत अगर अतीत में सोने की चिड़िया था, अगर वह विश्व गुरु था, अगर उसकी संस्कृति को महान माना गया तो उसकी वजह रहे उसके पारिवारिक मूल्य और संस्कार। वैश्वीकरण की आंधी में वे सारे मूल्य और संस्कार बहते चले गए। आज स्थिति यह है कि संस्कारों से हम दूर होते जा रहे हैं। विशेषकर हिंदू समाज में अपने पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों की बात करना अतीतोन्मुखी माना जाने लगा है। मूल्यों की ओर लौटना प्रगतिशीलता के उलट माना जाने लगा है। इसकी वजह से आपसी रिश्ते लगातार छीजते जा रहे हैं। यह कड़वा सच है कि वर्तमान परिदृश्य में मानवीय मूल्यों की परवाह समाप्त हो चुकी है और नई पीढ़ी की निगाह में रिश्ते ज्यादा मायने नहीं रख रहे। महानगरों में तो इसकी वजह से पड़ोसी तक एक-दूसरे को जानते नहीं हैं, अनजान की तरह रहते हैं। महानगरों के बारे में कहा जाता है कि महानगर की आंखें दीवार का काम करती हैं, जबकि गांवों की आंखें निगहबानी करती हैं। यही वजह है कि अब महानगरों में लोग उद्दाम ढंग से व्यवहार कर रहे हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से सम्बंधित जिला शिक्षा समिति की बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से सम्बंधित जिला शिक्षा समिति का बैठक आज संपन्न हो गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड चतरा आवासीय बालिका विद्यालयों एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस आवासीय विद्यालय में सत्र 2023-24 में नामांकन हेतु जिला चयन समिति समक्ष अनुमोदित नामांकन सूची प्रस्तुत किया गया। उक्त सूची के अवलोकन के उपरांत जिला चयन समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि रिक्त सीटों के लिए पुनः विद्यालय के पोषक क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर हर जरूरतमंद का नामांकन विद्यालय में करना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त द्वारा गहनता से सभी सुझावों के विश्लेषण के उपरांत उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि छेत्र के हर समुदाय के प्रतिनिधि, अगुआ एवं अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित कर विद्यालय के रिक्त सीटों में नामांकन करवाने हेतु प्रेरित कर सभी जरूरतमंद विद्यार्थी को नामांकन का अंतिम मौका दिया जाए। उन्होंने आवासीय विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि वार्डन द्वारा सभी छात्रों की नियमित जांच की जाए तथा छात्रों द्वारा आवासीय विद्यालय के नियमों का पालन करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, सांसद प्रतिनिधि एवं सिमरिया विधायक के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 12 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई।विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 12 में से 10 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई।बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबे से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार व अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का 49 वां जन्मदिन मनाया गया



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का केक काटकर 49 वां जन्मदिन मनाया गया। इनकी लंबी उम्र की कामना की गई।इस अवसर पर आजसू पार्टी लातेहार के जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष सरवन पासवान, बिजेंदर दास ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार जायसवाल सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, संजय कुमार तिवारी, प्रीतम कुमार गुप्ता, राहुल दुबे, कुलदीप तिर्की, नब्बू भुइंया, नंदकिशोर यादव, दीपक कुमार दुबे, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में पूरे हर्षोल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन बुधवार को महुआडांड़ एवं नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वन विभाग के द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया इस आयोजन में पलामू टाइगर के उपनिदेशक बीके जेन एवं वृंदा पांडे के द्वारा पौधे का वितरण किया गया जैसे कि पर्यावरण सुधर सके फल एवं अन्य पौधे समेत सैकड़ों पौधे का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ प्रसाद पासवान जी, वृंदा पांडे, अजय टोप्पो, सरवन कुमार, एवम विद्यार्थी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बालूमाथः कई जगहों पर हुआ योग शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत मगध कोल परियोजना समेत बालूमाथ के कई जगहों पर 9वां विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के जोगियाडीह स्तिथ बिरसा मैदान में योग शिविर का विधिवत उद्घाटन बालूमाथ वीडियो ललिता बाखला जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, योग समिति अध्यक्ष शैलेश सिंह पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्या कोचिंग सेंटर, बीडीएस कोचिंग सेंटर, किड्स स्कूल, कराटे क्लब बालूमाथ के छात्र-छात्राओं समेत ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उपस्थित लोगों को योग प्रशिक्षक संतेंद्र कुमार सिंह के द्वारा उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार, कपालभाति, स्वशासन, पद्मासन सहित कई योगासन कराया। मौके पर बोलते हुए बीडीओ ललिता बाखला ने कहा कि योग करके आप अपने जीवन को निरोग बना सकते है ।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लछमन कुशवाहा, रामकुमार गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अमित कुमार, अजित ओझा, उपेंद्र रंगीला, ओमप्रकाश पांडे, लालदेव गंझु, अखिलेश भोक्ता, बबलू चौरसिया, शशिभूषण गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे। वही बालूमाथ स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में बालूमाथ सीएचसी में योग शिविर का आयोजन किया गया ।मौके पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, गुलाम कुरैशी, मुकेश कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार,कुंदन कुमार सहित कई लोग ने योगाभ्यास किया ।वही सीसीएल द्वारा संचालित मगध-संघमित्रा क्षेत्र में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, संजय कुमार चौबे, अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासनिक), अभिषेक आनंद, उप प्रबंधक (कार्मिक) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु योगाभ्यास किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय हिंन्दू परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का जगतारण पुर जालिम में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सरजू प्रसाद एवं संचालन विनय सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री दिलीप बैध जिला अध्यक्ष विनय कांत जिला उपाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदेश मंत्री दिलीप वैद्य ने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करना है।भारत में एक करोड़ स्थान पर हनुमान चालीसा केंद्र बनाना है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रवीण भाई तोगड़िया का मार्गदर्शन पर आगे बढ़ रही है। हिंदू सबल और मजबूत और संगठित हो रही है। संगठन के माध्यम से राष्ट्र विरोधी शक्तियों से लोहा लेने की भी काम कर रहे हैं। वहीं जिला अध्यक्ष विनय कांत पांडे ने बताया कि जिले में हर प्रखंड में संगठन बन चुकी है। गांव-गांव में संगठन की तैयारियां हो रही है। लोग संगठन से जुड़कर के हिंदू समाज की रक्षा सुरक्षा में बने रहने की स्वयं भाव प्रकट कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि हिंदू समाज की संस्कृति बहुत ही प्राचीन एवं मानव कल्याणकारी है।रमेश उरांव ने कहा हिंदू को तोड़ने के लिए एक से एक विदेशी शक्ति षड्यंत्र रच रही है। अगर हिंदू कमजोर होगा तो देश को गुलाम किया जाएगा। ऐसा विदेशी शक्तियों का षड्यंत्र है। देश को अस्थिर और कमजोर करने के लिए विदेशी शक्तियां बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। समिति में जिला मंत्री के रूप में विनय सिंह एवं राष्ट्रीय बजरंग दल सहसंयोजक के रूप में मनोहर प्रसाद को चयन किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में भंडारा का आयोजन किया गया। एवं जय श्री राम जय जय श्री राम के नाम की नारे लगाते हुए, कार्यक्रम को संपन्न किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से बसंत साहू, गोपाल सिंह, बजरंगी सिंह, रामपति सिंह, प्रमोद सिंह, राम सुंदर सिंह, सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों में अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया गया। जहां बगरा आयुष ग्राम के मैदान के उच्च विद्यालय बगरा मोड़ और कुट्टी रँगेनिया में चतरा डीएमओ डॉ अवध नाथ यादव के निर्देशानुसार अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुखिया चन्दा देवी, उपमुखिया रंजना देवी, उच्च विद्यालय बगरा मोड़ प्रधानाध्यापक पुण्य प्रकाश प्रसाद, एएचडब्लूसी जबड़ा प्रभारी डॉ बलराज, योगाचार्य धर्मदेव शास्त्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर योग दिवस का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर प्रमुख रोहन साहू, कृष्णा साहू, ट्रेनर चंदन कुमारा, मुखिया वीणा देवी, योग प्रेरक -पंकज साहू, सहिया दीदी, संजय साहू, ईश्वरी साहू, आशीष कुमार, नंदकिशोर सिंह, इंद्रदेव पासवान, वार्ड सदस्य एवं गण्य मान्य लोग, बगरा एवं सेरनदाग तथा कुट्टी रँगेनिया के ग्रामीणों एवं छात्र छात्रा ने योगाभ्यास किया। जबकि कार्यक्रम में लगभग ढाई लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

## स्कूल रूआर 2023 को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य सम्पोषित प्लस 2 बालक उच्च विद्यालय के प्रांगण में आज स्कूल रुआर 2023 (बैक टू स्कूल कैंपेन) जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान पहुंच कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिले में संचालित 1570 सरकारी विद्यालय और 236 प्राइवेट विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में नामांकन पूर्ण करने को लेकर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी संकुल साधन सेवी, प्रखंड साधन सेवी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, एवं गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के भी बच्चे विद्यालय से वंचित न रह जाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। आगे उन्होंने कहा सभी विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचायत समिति के सदस्य, स्थानीय एन जी ओ, शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी के माध्यम से सामूहिक सहयोग करते हुए एक माह तक चलने वाले अभियान के माध्यम से सभी वर्ग के बच्चो का शत प्रतिशत नमांकन कराया जाय।

# वज्रपात से किशोर की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के डाडी गांव में बज्रपात से एक 10 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। मृतक किशोर में अमन कुमार पिता कुलेश्वर राम का नाम शामिल हैं। मृतक किशोर अपने घर के कमरे में सो रहा था इसी दौरान मेघ गर्जन हुआ और वज्रपात हुई जिससे किशोर की चारपाई पर हीं मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों के मदद से आनन फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। इस तरह की अप्रिय घटना होने से परिजनों में रोरो कर बुरा हाल है। हलाकी जिले में बज्रपात से कई लोगों की मौत की खबर है। इधर इस तरह दुःखद घटना से पूरे गाँव में शोक की लहर है। वहीं स्थानीय मुखिया अनीता देवी और ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

# विशेष धावा दल ने ईट निर्माण केंद्र में किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर आज बुधवार को बाल श्रम के रोकथाम हेतु गठित विशेष धावा दल लोहरदगा द्वारा कुडू प्रखंड के चेटर व नवा टोली स्थित ईट निर्माण केंद्र में बाल श्रमिक हेतु औचक निरीक्षण किया गया। दोनों ईट भट्ठा लगभग एक माह से बंद है। भट्ठा संचालकों द्वारा बताया गया कि उनके भट्टे में बाल श्रमिकों से कार्य नहीं लिया जाता है। आज के इस अभियान में दिनेश भगत श्रम अधीक्षक, वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, संदीप कुमार गुप्ता श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बबीता कश्यप सदस्य बाल कल्याण समिति, मनोरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख, धीरेंद्र यादव लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान, हनुक कच्छप चाइल्ड लाइन, कूडू थाना के सब-इंस्पेक्टर सोनू चौधरी एवं पुलिस बल शामिल थे।

## जंगल में मवेशी चराने के दौरान वज्रपात से हुई महिला की मौत

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मयूरहंड के मझगावां पंचायत अंतर्गत महेशा गांव की महिला मंजू देवी की मौत वज्रपात से हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका जंगल में मवेशी चराने गई थी और जब भारी बारिश और बिजली चमकने लगी तो महिला बारिश से बचने के लिए पेड के पास जाकर बचने लगी। इसी दौरान तेज बारिश वज्रपात की चपेट में महिला आ गई और घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान महेशा गांव के राजेंद्र ठाकुर की पत्नी के रूप में की गयी। वहीं इस घटना की सूचना पाकर मयूरहंड पुलिस ने यूआईडी केस दर्ज करते हुए कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दी। मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने बरसात के मौसम में आमलोगों से बरसात में विशेष सावधानी बरतने की आग्रह किया है।

## प्रखंड मुख्यालय स्टेडियम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य दृष्टिकोण से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा और थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने संयुक्त रूप से कहा जिस तरह से प्रतिदिन हम काम करते हैं वह हमारी दिनचर्या होती है इसी दिनचर्या में मुख्य काम के तर्ज पर योग को समझते हुए प्रतिदिन हम सभी को योग करना चाहिए।योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और बीमारियों से लड़ने में शरीर सक्षम होता है। आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा थाना प्रभारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को योग दिवस का बैच प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रखंड के पत्रकारों, बुद्धिजीवियों के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# सम्मानित किए गए सफल विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय में टॉप 10 पर रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम, भाजपा नेता शैलेश सिंह, समाजसेवी मो0शमीम ने बच्चों को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर बोलते हुए जिप सदस्या प्रियंका कुमारी ने कहा की पहले बच्चियों को शिक्षा से दूर रखा जाता था लेकिन आज बच्चियां समाज और परिवार का नाम रोशन कर रही है। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दिलाया। वही भाजपा नेता शैलेश सिंह ने कहा इंतजार करने वाले को उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।उन्होंने सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ पढ़ना नहीं होता बल्कि समाज में बदलाव लाना होता है । डॉ सुरेश राम ने कहा की आप सभी आगे और भी अपने जीवन मे सफल हो यही मेरी कामना है। मौके पर मैट्रिक की परीक्षा में जिला टॉपर रही विद्यालय की छात्रा ऊषा रानी को विद्यालय के शिक्षक निर्मल सिन्हा ने अपने वेतन मद से 5100 रुपए नगद देकर सम्मानित किया। वही अन्य विद्यालय टॉपर संध्या कुमारी, पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनालिका कुमारी, अंजू कुमारी, तन्नू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नेहा कुमारी, रंजू कुमारी को शील्ड-मेडल देकर सम्मानित किया गया। वही जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिता बारा ने बताया कि विद्यालय में प्रथम श्रेणी में 100 छात्राएं, 50 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से तथा दो छात्राएं तृतीय श्रेणी से पास हुई है। मौके पर प्रधानाचार्य अनीता बारा, चंचल सिंह, रेखा कुमारी, निर्मल सिन्हा, संजीत कुमार, विमला कश्चयप, दिलीप शर्मा, चंदन दास, अभिभावक शीतल साव, हिरामन प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।


# डिग्री महाविद्यालय मनिका में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता के विरोध में अभाविप का आंदोलन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** वर्षो के कड़ी मस्कत के बाद लातेहार जिले में बने एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज मनिका में वर्तमान की शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मनिका के कार्यकर्ताओं के द्वारा डिग्री महाविद्यालय मनिका में व्याप्त शैक्षणिक समस्या समेत नौ सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इसी शैक्षणिक अराजकता के विरोध में अभाविप कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के छात्रों के साथ नगर सह मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में आंदोलन किया। आंदोलन को संबोधित करते हुए नगर सह मंत्री अमित ने कहा कि महाविद्यालय को खुले पांच वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। बावजूद इसके महाविद्यालय में शिक्षक की कमी की जानकारी नीचे से लेकर ऊपर तक के पदाधिकारियों को भी मालूम है। बावजूद शिक्षकों की नियुक्ति नही की गई है, प्रारंभ से ही महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक नहीं है वाणिज्य संकाय के शिक्षक को अर्थशास्त्र पढ़ाने का जिम्मा दे दिया गया है। प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंप और नौ सूत्री मांग की गई है, मांग पत्र में महाविद्यालय में जल्द से जल्द सभी संकायों में एक-एक शिक्षकों की नियुक्ति, महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित करवाना, महाविद्यालय में जल्द से जल्द स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति, महाविद्यालय में बने पुस्तकालय को जल्द से जल्द छात्रों के उपयोग में लाना आदि मांगे शामिल है। आंदोलन में सैंकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 14 वर्षीय छात्रा की मौत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आकाशीय बिजली की चपेट में आकर चैनपुर पूर्बडीहा पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय की एक छात्रा प्रियंका कुमारी उम्र 14 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर मदन मोहन ने बताया कि प्रियंका बारिश होने के पश्चात बुधवार की शाम छत पर कपड़ा लेने गई थी इसी बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रियंका गढ़वा जिले के सोह नारायणपुर निवासी पंकज कुमार मेहता की पुत्री है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मेदिनीनगर के लिए रवाना हो चुके हैं। प्रियंका कक्षा 9 की छात्रा थी। और पढ़ने लिखने में भी अन्य छात्रों से बेहतर थी।

## इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक, राकेश सहगल का रांची दौरा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक, राकेश सहगल ने अपने राँची अंचल दौरा के दौरान दिनांक 20.06.2023 को होटल ली लैक सरोवर, राँची में चयनित शाखा प्रबंधकों एवं एचएनआई (HNI) ग्राहकों के साथ बैठक की।



एचएनआई (HNI) ग्राहक बैठक के दौरान माननीय क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश सहगल के कर कमलों से 19 खातों के लिए कुल 35.45 करोड़ राशि का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।क्षेत्र महाप्रबंधक महोदय ने एक एक कर सभी एचएनआई (HNI) ग्राहकों के साथ बातचीत की एवं उनकी अपेक्षाओं का संदर्भ लिया। कार्यक्रम के दौरान इंडियन बैंक के सभी उत्पादों के बारें में संक्षिप्त जानकारी दी गई। वर्तमान में, इंडियन बैंक पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण एमएसएमई और खुदरा ऋण का वित्तपोषण कर रहा है और अपने विभिन्न डिजिटल उत्पादों के माध्यम से सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

## योगासन से मनुष्य को मिलता है रोगों से मुक्ति : बासुदेव

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के सोसो गाँव स्थित आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर सोसो मे विश्व योग दिवस के उपलक्ष पर बुधवार को योग कराया गया। योग प्रशिक्षक बासुदेव कुमार मुंडा ने लोगों को योग कराते हुए कहा की योग से अनेको बीमारी ठीक होता है। इसलिए लोगों को ब्रम्मुहूर्त् मे उठकर नियमित योग करना चाहिए। उन्होंने लोगों को जड़ी बूटी संबंधी के जानकारियां दी। मौके पर मुखिया उर्मिला देवी, आयुष हेल्थ डॉ प्रियंका ठाकुर, योग प्रशिक्षिका सरिता देवी, लालचंद् ठाकुर, विगेन्द्र ठाकुर, यदुनंदन महतो, राजेंद्र महतो, नरेश साव, ललो देवी, सुजाता देवी, मैरून, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। उधर 10+2 उच्च विधालय चटाक मे भी योग दिवस मनाया गया।

## जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु ने मनाया नौवा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु के अधिकारियो ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर जिंदल एक्जीक्यूटिव क्लब में सामुहिक रूप में योग किया। इस अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु के प्लांट प्रमुख आर के अजमेरिया ने सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं योग से होने वाले शारीरिक तथा मानसिक लाभ,इसकी उपयोगिता, योग का जीवन पर महत्त्व जैसे विषयों पर जानकारी दी। जेएसपी कैंपस, स्थित ओ पी जिंदल स्कूल, पतरातु के विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रातः कालीन वंदना सभा में योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर सूर्य नमस्कार, पद्मासन, सहित भ्रामरी, उदगीत, प्राणायम कराया गया। कक्षा नर्सरी से नवम तक के विद्यार्थियो के लिए घर में रहते हुए योग के प्रति अपनी जागरूकता प्रकट करने के लिए सरल योगासन से सम्बन्धित ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिया। जेएसपी फाउन्डेशन के द्वारा संचालित आशा दी होप के दिब्यांग बच्चो ने कमाल के योग के आसान प्रस्तुत किया।



## योग करने से हम शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं : डॉ. संज्ञा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** 21 जून योगासन दिवस के अवसर पर चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ÷विश्व योग दिवस÷ के अवसर पर एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग करने से हमारी शारिरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं और हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को योग गुरु कहा जाता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। योग का अभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति देता है जिससे कि हमारे शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महाविद्यालय की प्रो. अंजनी करमाली ने योग को परिभाषित करते कहा किअंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत साल 2015 से हुई थी और इसके बाद 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने पर सहमति व्यक्त की, जिसके बाद 21 जून, 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं के साथ प्रो. मनोज झा, प्रो. कुररुतलेंन, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. अंजू कुमारी, प्रो. शाहनवाज खान, प्रो. रेवालाल पटेल आदि थे ।

## डीएवी विद्यालय गिद्दी ए में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** डीएवी विद्यालय गिद्दी ए में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार तथा डीएवी सीएमसी (नई दिल्ली) के मार्गदर्शन में समस्त कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक उमाशंकर प्रसाद तथा गति कृष्णा पाणिग्रही ने बच्चों को योग और प्राणायाम के कई मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महोदय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। इसीलिए इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है ÷वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग÷। योग दिवस का महत्व लोगों के बीच मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बच्चों के बीच ऑनलाइन योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इसका उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ाना था तथा उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत करना था। विद्यालय के सभी बच्चे और शिक्षकगण ने योग को अपने जीवन में लाने तथा समाज के सभी लोगो तक पहुंचने का सपथ लिए।

## महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा ने आयोजित की व्यवसाई सम्मेलन,सांसद जयंत सिन्हा व महेश पोद्दार हुए उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी के महा ननसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को रामगढ़ स्थित होटल शिवम इन के सभागार में भाजपा ने व्यवसाई सम्मेलन का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि सांसद हजारीबाग लोकसभा जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार उपस्थित हुए।जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री छोटन सिंह ने किया एवं विषय प्रवेश कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा रामगढ़ के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने करवाया साथ में कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा के रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू रहें। सर्वप्रथम मनचस्थ वरिष्ट नेताओं ने महापुरुषों की तश्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया तत्पश्चात सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित व्यवसाइयों का अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं से स्वागत के उपरांत कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए कामों के बारे में विपक्षी भी चर्चा करने को मजबूर है,खासकर के व्यापारी वर्ग के लिए केंद्र सरकार क्या योजना चला रही है ? कैसे मदद पहुंचाया गया इस विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि व्यापार में आज भारत पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है। एक्सपोर्ट इंपोर्ट बढ़ा है, व्यापारियों को केंद्र सरकार ने काफी सुविधाऐं भी दी है।भारत पूरे विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है।मेक इन इंडिया के जरिए देश को मजबूती प्रदान की जा रही है। व्यापारी वर्ग के लोगों का देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान है इससे इंकार नहीं किया जा सकता।व्यापारी वर्ग की तरफ से जीएसटी पर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा की व्यापारियों के टैक्स से ही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाता है साथ हीं किसानों की बेहतरी हेतु भी इस पैसे का उपयोग होता है जिसके लिए देश के व्यापारियों का हम आभार प्रकट करते हैं । जयंत सिन्हा ने विस्तार पूर्वक जीएसटी, यूपीआई,स्वच्छ भारत अभियान,आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण योजना इत्यादि कार्यो को भाजपा की सरकार ने धरातल पर सफलतापूर्वक उतारे जाने की चर्चा करते हुए कहा की हमने देश को विकास की पथ पर अग्रसर किया है पर कांग्रेस और जेएमएम जैसे राजनीतिक दल देश और राज्यों को लूटने के लिए गठबंधन कर रहें हैं।

## हिमालया बेबीकेयर ने अपने खूबसूरत कैम्पेन, द ऑटोग्राफ्स द्वारा पूरी दुनिया के पिताओं को सम्मानित किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिशु की सेहत व देखभाल के लिए मशहूर ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने एक दिल को छूता हुआ कैम्पेन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य बच्चों की देखभाल में पिता के महत्व को प्रदर्शित करना और इसके लिए उन्हें सम्मानित करना है। हिमालया बेबीकेयर ने एक वीडियो ''ऑटोग्राफ'' जारी किया है, जो पिता और बच्चे के बीच अटूट बंधन का बेहतरीन चित्रण करता है। इस फिल्म में पितृत्व के सार को समाहित कर उनके प्रेम, त्याग, और संघर्षों का चित्रण किया गया है, जिनके बारे में केवल एक पिता ही जानता है। इस वीडियो में एक मध्यमवर्गीय पिता थककर काम से वापस आता हुआ दिखाया गया है, जो अनजाने में अपने पिता को नजरंदाज कर देता है। इतने में उसकी बेटी पीछे से उसकी आँखों को अपने हाथों से बंद करके पूछती है कि उसका ''हीरो'' कौन है। पिता सोचता है कि यह कोई सुपरहीरो या अभिनेता होगा, लेकिन जब वह लड़की उसे अपना हीरो बताकर उससे ऑटोग्राफ मांगती है, तब वह चौंक जाता है। दिल को छू लेने वाला यह व्यवहार उस पिता को अपने पिता के साथ अपने संबंध के बारे में सोचने को प्रेरित करता है। फिर वह अपने पिता के कमरे की ओर जाता है, और उसे फादर्स डे की बधाई देकर उसका ऑटोग्राफ मांगता है। इस अप्रत्याशित व्यवहार से भावुक होकर उसका बूढ़ा पिता उसे ऑटोग्राफ देता है, और बताता है कि यह उसका पहला ऑटोग्राफ है। इस क्षण से द्रवित होकर यह युवा पिता अपने इन बहुमूल्य संबंधों को संजोते रहने के महत्व को महसूस करता है।

Himalaya SINCE 1930 BABYCARE

## भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई रामगढ़ पहुंचे

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे हैं महा जनसंपर्क अभियान के तहत राज्यसभा सांसद , मुख्य सचेतक राज्यसभा सह बीजेपी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई आज रामगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने विभिन्न वर्ग के बुद्धिजीवियों और आम लोगों से मुलाकात कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा 9 वर्ष के अंदर किए गए विकास कार्यों के बाबत जानकारी दी । इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश के प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद सेवटा शिव मंदिर, सांडी मन मोहन नगर में रिटायर शिक्षक, पूर्व सैनिक,समाजसेवी को लक्ष्मीकांत बाजपेई एवं मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अंगवस्त्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया इ इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार नाम की चीज नहीं है यहां अनाचारी और कदाचारी सरकार है।


### कार्यालय जिला परिषद,हजारीबाग

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दारू प्रखण्ड अन्तर्गत झुमरा बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24 के लिए दिनांक 03/07/2023 को 2:00 बजे अपराहन् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 300551 District(23-24).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

**CANCELLED (रद्ध)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल अंतर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/20/2022-23,PR No-293454 Rural Development(22-23)#D द्वारा प्रकाशित निविदा के Identification No- RWD/SD/GARHWA/20/2022-23_Gr.-09 (गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में ग्राम–संगबरिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य), RWD/SD/GARHWA/20/2022-23_Gr.-10 (गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड में ग्राम–चपकली में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य) एवं RWD/SD/GARHWA/20/2022-23_Gr.-08 (गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में ग्राम–खरडीहा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य) को अपरिहार्य कारणवश रद्ध किया जाता है। शेष ग्रुप यथावत् बने रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
गढ़वा।

PR 300501 (Rural Development) 23-24 (D)



### कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार (समाज कल्याण शाखा)जिला बाल संरक्षण इकाई

**–: बाल कल्याण समिति, लातेहार के आदेश से गुमशुदा बालक की सूचना:–**



एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालक का नाम– अज्ञात, पिता–अज्ञात उम्र– लगभग 15वर्ष को लातेहार पुलिस द्वारा RESCUE कर बाल कल्याण समिति लातेहार में दिनांक 11.12.2022 को प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में बाल कल्याण समिति लातेहार के आदेश से रोज बालगृह में आवासित है। बालक मूक बधिर है और अपना नाम, पता परिवार का कोई भी विवरण बताने, लिखने में असमर्थ है।

अतः बालक या उसके परिवार के संबंध में यदि कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे जिला बाल संरक्षण इकाई, कार्यालय लातेहार को उपलब्ध कराया जा सकता है।

दुरभाष संख्या– 6202846184, 7004889432
प्रकाशन कार्यालय– जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, लातेहार
(महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग राँची झारखण्ड)

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 300572 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D



### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बड़कागांव डाक बंगला के सामने बने 24 दुकानों के ऊपर 24 दुकानों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 03/07/2023 को 2:00 बजे अपराहन् में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR300548 (District)23-24*D



### JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/,GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L

JMHIDPCL

Bid Ref. No. JMC/NIT-23/PICU EQP/24 Date: 20.06.2023

**Tender for Supply of PICU Equipments**

The **Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Manufacturer/ their Authorized Dealer /Distributors/ Authorized Stockiest for health facilities of the State of Jharkhand.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

| Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Name of Work | Tender for Supply of PICU Equipments |
| Time of Completion | Within 60 days after issue of work order |
| Date of Publication of Bid | 22-06-2023 |
| Bid Submission Start Date | 06-07-2023 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 13-07-202303:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 14-07-202303:00 PM |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5000/- (Rupees Five Thousand Only) |
| Earnest Money Deposit | Rs 50,000/- (Rupees 50000 Thousand only) for each item subject to maximum 500000/-(Five Lakh) |
| Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell | +91-8709368893 |
| Pre-bid meeting Date & Time | 27-06-2023 at 03:00 PM |

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.
JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.
only, hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

Sd/-
Cell Head (Procurement)
JMHIDPCL

PR 300522 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(23-24).D



### झारखण्ड सरकार
### कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय:-अनुमण्डल -सह- जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा
(जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज चतरा)

**(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)**

चतरा जिलें के सभी किसानों भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बैंग अधिकतम खूदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है:–

(In Rs.)

| S.L N0 | Company | UREA Ind/Imp. | DAP Ind/Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:16 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.5 | 1350 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | Yara | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/ KRIBHCO | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.5 | 1350 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550 |
| 6 | IPL | 266.5 | 1350 | 1700 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATRIX | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | | - | - |

नोट :– Urea की प्रति बोरी 45 Kg Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है।
(2.) यदि किसी भी खूदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धरित MPR से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय तपेज चतरा तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय उ0 छो0 परि0 हजारीबाग में इस की शिकायत की जा सकती है।
(3.) यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर– अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रंण आदेश 1985 के तहत सख्त कर्रवाई की जायेगी।

अनुमण्डल –सह– जिला
कृषि पदाधिकारी, चतरा

PR 300520 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (23-24)_D



### पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– 369(B)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–19/06/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–रेहला कला, थाना–रेहला, थाना सं0–45, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर ROR निर्माण कार्य हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–रेहला कला, थाना–रेहला, थाना सं0–45 अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.1850 एकड़ यानी 0.0748 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–रेहला कला, थाना सं0–45, कुल रकबा–0.1850 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 5 | 10 | रैयती | टांड़ | 0.0920 | जिरमनिया देवी वो फुलमनिया देवी पति स्व0 करीमन राम | 6P | 10P | 8P | 10P |
| 2 | 23 | 124 | रैयती | टांड़ | 0.0930 | नन्दु राम, सुग्रीव राम, पिता मंगरू राम | 125P | 123P | 127P | 8P |
| | | | | कुल :– | 0.1850 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो
जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 300567 Palamu (23-24)_D

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिडीह में आज

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह में आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यक्रम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को लेकर प्रदेश बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व सक्रिय है और गिरिडीह के झण्डा मैदान में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मौके पर कोडरमा सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बोकारो विधायक विरंची नारायण, गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी समेत कई नेता झंडा मैदान में होने वाले कार्यक्रम का जायजा लेने पहुंचे। बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा सीट के साथ-साथ 10 विधानसभा सीटों को भी साधेंगे। नड्डा गिरिडीह दौरे पर जिले की 6 विधानसभा सीट सहित आसपास की 10 से 12 विधानसभा सीटों को भी साधने की कोशिश करेंगे।

## स्वस्थ्य रहने के लिए हर दिन करती हूं योग : निधि जायसवाल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मिसेज इंडिया फोटोजेनिक निधि जयसवाल ने योग करते हुए संदेश दिया कि करो योग, रहो निरोग। उन्होंने कहा कि वह हर दिन योग करती हैं। इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को कम से कम आधे घंटे अपने शरीर के लिए जरुर निकालना चाहिए। योग से न केवल तन बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है। मानसिक तनाव दूर करने में योग अहम भूमिका निभाता है।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : बारासोली में किया गया योग

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बुद्धा नगर बारासोली मोड़ अवस्थित एशियन कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में 21 जून विश्व योगा दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के संयुक्त सहयोग से विश्व योगा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनंग राज मौजूद रहे। इकाई के प्रमुख सह विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार वर्मा 'मृदुल' ने योग के द्वारा होने वाले फायदे पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने को कहा। योग दिवस पर विद्यालय शिक्षिका सोनी कुमारी ने योग के तरीके और स्वस्थ रहने के बारे में बताया। शिक्षिका बबीता कुमारी ने बच्चों को बतलाया कि स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। और स्वास्थ्य मन से ही मानसिक चेतना में विकास होती है जो बच्चों को मानसिक विकास में सहायक होती है। योगा कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका आंचल पांडेय,खुशबू कुमारी, डोली कुमारी आदि सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



## ट्रस्ट ने फुलारीटॉड ऑगनबाड़ी केन्द्र में ग्रामीणों के साथ की बैठक

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रास्ट के द्वारा संचालित कार्यक्रम बाल विवाह, बाल तसकरी, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, अभियान को लेकर बाघमारा प्रखंड अंतर्गत फुलारी टॉड ऑगनबाड़ी केन्द्र में ग्रामीणों के साथ एक बैठक सेविका बुधनी देवी की अध्यक्षता रखी गई , जिसमें पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दिलीप विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## राजकुमार यादव के हत्यारे को पुलिस ने भेजा जेल

# बगोदर पुलिस ने 48 घंटे में किया उद्भेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बगोदर राजकुमार यादव हत्या गोली कांड का उद्भेदन पुलिस ने 48 घंटे में कर ली है उक्त बातों की जानकारी पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। श्री राणा ने कहा कि 1 दिन पूर्व राजकुमार यादव की हत्या बगोदर पेट्रोल पंप के समक्ष अपराधियों ने कनपटी में गोली मार कर हत्या कर दी थी इस मामले में राजकुमार यादव की पत्नी सोनी देवी ने बगोदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई पुलिस ने कांड संख्या 110 /2023 प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान शुरू की जिसमें सरिया थाना क्षेत्र के बड़की बलिहारी निवासी स्वर्गीय घुटारी यादव के पुत्र महेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया उसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल, एक जिंदा कारतूस एवं तीन खोखा, पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया, श्री राणा ने बताया कि मृतक की पत्नी के साथ महेश यादव का प्रेम प्रसंग था शादी के बाद मृतक के द्वारा हमेशा महेश यादव को जब भी कहीं मिलता था तो इनकी पत्नी के बारे में इन को अपमानित करने के उद्देश्य गलत बोलता था और टोंट मारता था क्योंकि अभियुक्त एवं मृतक दोनों पेशा से चालक थे एवं मृतक के द्वारा हमेशा ड्राइवर के सामने भी इस तरह की बात बोलता था इस बात को अभियुक्त अपमानित महसूस करता था घटना के 15 दिन पूर्व भी मृतक के द्वारा अपने दोस्तों के सामने अभियुक्त को पत्नी के बारे में गलत शब्द बोलता था जिसके बाद अभियुक्त के द्वारा राजकुमार यादव को योजनाबद्ध तरीके से गोली मारकर हत्या कर दी। मामले क उद्भेदन करने को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक टीम गठित की गई थी जिसमें बगोदर सरिया के उपाधीक्षक नौशाद आलम डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार सिंह बगोदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार संगम पाठक दुलार सिंह उमेश सिंह आदि को शामिल किया गया।

## धनबाद : कुलपति को बनाया बंधक विश्वविद्यालय परिसर में की तालेबंदी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न सेमेस्टर की विलंब से परीक्षा लेने और परीक्षा के दौरान सैकड़ों छात्रों को फेल किये जाने एवं भर्ष्टाचार का आरोप समेत अन्य मांगों को लेकर तालाबंदी कर दी है। इस दौरान कुलपति समेत तमाम फैकल्टी कैम्पस में बंधक बने हुए हैं। इतना ही नही कुलपति के खिलाफ हस्ढ्ढ से जुड़े छात्रों की आपत्तिजनक नारेबाजी भी देखने को मिली।

## इंटर की पढ़ाई बंद होने से नाराज छात्राओं ने जमकर किया हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले स्थित आरके महिला कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद होने से नाराज छात्राओं ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। इस दौरान सभी छात्राओं ने महिला कॉलेज के मेन गेट पर धरना देते हुए कॉलेज प्रशासन और यूनिवर्सिटी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए गेट पर ताला बंदी कर दिया। पढ़ाई बंद होने से नाराज छात्राओं का कहना था की इंटर की पढ़ाई बंद होने से अब गिरिडीह की लड़कियां कहा पढ़ने के लिए जाएगी। महिला कॉलेज ही एकमात्र सहारा है और यहां भी इंटर की पढ़ाई बंद किया जा रहा है।

## गिरिडीह : योग के जरिए निरोग रहने का दिया संदेश

### ज़िले भर में जगह-जगह लगाए गए शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । वही उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सर जे सी बोस उच्च विद्यालय में जिला के अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी जिले वासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ढेरों शुभकामनाएं एवं बधाई दी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योगा दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया गया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग करने से इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। योग व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलन बनाया जाता है। इधर नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह के द्वारा भी योग दिवस मनाया गया। योगासना स्पोर्ट्स संघ एंग क्रीड़ा भारती गिरिडीह द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस। शहरी क्षेत्र के भण्डारीडीह स्थित माहुरी छात्रावास के प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया जिसमें गिरिडीह नगर के लगभग 100 लोगो ने योगा अभ्यास किया । योग प्रशिक्षक योगासना स्पोर्ट संघ के संतोष शर्मा और क्रीड़ा भारती के दयानद जैसवाल ने सभी को योग का अभ्यास कराया तथा योग की बारीक जानकारियां दी ।उन्होंने योग के माध्यम से हम कैसे अपने आप को स्वस्थ रख सकते है इसकी पूरी जानकारी दी।

## 9वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में सिंफर के ग्राउंड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निर्मला सिन्हा एवं सिंफर के प्रभारी निदेशक जे.के. सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।इस बार योग दिवस की थीम, "वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग" है। यह थीम "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" के रूप में भी प्रतिनिधित्व करता है, जो नियमित अभ्यास के साथ किसी भी तरह के भेदभाव के बावजूद हर व्यक्ति के स्वस्थ होने पर जोर देता है। इस दौरान योग प्रशिक्षक रुद्र नारायण यादव, कल्पना कुमारी, वंदना कुमारी ने वहाँ मौजूद सभी लोगों को कई आसान योग करवाया। उपायुक्त ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने में (योग) का काम होता है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है। शरीर, मन और मस्तिष्क के स्वस्थ रहने से आप स्वयं को स्वस्थ महसूस करते हैं। वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि योग के द्वारा न ही सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है।मौके पर उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, एडीएम विधि व्यवस्था कमलाकांत गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सिंफर के डायरेक्टर जे. के. सिंह, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर कुमार पांडेय, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निर्मला सिन्हा, जिला के कई पदाधिकारी एवं कर्मी, जैप कमांडर, रेल एसपी, प्रशिक्षक, सीआईएसएफ जवान, स्कूली बच्चे एवं आम जनता मौजूद रहे।

## बाल विवाह को रोकने में युवा पीढ़ी की भूमिका अहम : अरशद अली



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कसमार प्रखंड के स्कूल चौक में स्थित कम्प्यूटर रेवयुलेशन सेंटर में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी के बैनर तले मंगलवार बाल विवाह रोकने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरसीपीपी रांची के रीजनल इंचार्ज अरशद अली, सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति व जमील अख्तर मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान अरशद अली ने कहा कि बाल विवाह अशिक्षा का मुख्य कारण है। जबतक लोगों में जागरूकता पैदा नहीं होगी तब तक इस कुप्रथा को खत्म नहीं किया जा सकता है।

# पटना से आनंद विहार के लिए खुलेगी दो स्पेशल ट्रेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कल दिनांक 22.06.2023 को पटना से आंनद विहार के लिए 02 स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी संख्या 01683 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल ट्रेन 22 जून, 2023 को पटना से 17.45 बजे खुलकर 18.05 बजे दानापुर, 18.40 बजे आरा, 21.10 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 22.05 बजे वाराणसी, 00.30 बजे प्रयागराज, 03.40 बजे कानपुर सेंट्रल रूकते हुए अगले दिन 10.40 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । इस ट्रेन में 1।ब् के 01 कोच, 1।ब् बनउ 2।ब् के 01 कोच, 2। ब् के 01 कोच, 3।ब् के 03 कोच, स्लीपर क्लास के 07 कोच, साधारण श्रेणी के 06 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 21 कोच होंगे ।

2.गाड़ी संख्या 04489 पटना-आनंद विहार अनारक्षित सुपरफास्ट स्पेषल ट्रेन 22 जून, 2023 को पटना से 09.45 बजे खुलकर 10.00 बजे दानापुर, 10.40 बजे आरा, 11.32 बजे बक्सर, 13.05 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 14.05 बजे वाराणसी, 19.10 बजे लखनऊ, अगले दिन 00.42 बजे मुरादाबाद रूकते हुए 03.50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

## उपायुक्त ने की आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 21 जून 2023 को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 1 एवं 2, झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, (जुडको लिमिटेड) एवं झमाडा के तहत कार्यान्वित योजनाओं के विकास की समीक्षा की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजनावार अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी ली। उपायुक्त ने मामले में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करते हुए मामले के निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने समय से परियोजना पूरी करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, जिला योजना पदाधिकारी श्री महेश भगत, पीएचइडी 1 एवं 2 अभियंता, पथ प्रमंडल, विद्युत विभाग,जुडको, झमाडा के प्रतिनिधि समेत कई अन्य मौजूद रहें।

## मजार की समस्या का हुआ निदान, जीएम से हुई वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हजरत सय्यद चाँद शाह रहमतुल्लाह अलैहे के मजार शरीफ को लेकर कुसुंडा एरिया 6 के महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक वी.के गोयल एवं परियोजना पदाधिकारी ऐना कोलियरी के साथ सफलतापूर्वक एक अहम बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एरिया 6 के सचिव अजय रवानी ने की। बैठक में मजार शरीफ के संदर्भ में सभी मांगों पर सहमति बनी। महाप्रबंधक वी.के गोयल ने कहा कि मजार शरीफ के चारों तरफ पीलर मार्किंग करके मिट्टी भरकर उसी अक्षांश और देशांतर में मजार शरीफ का निर्माण किया जाएगा और चारों तरफ ओ.बी डम्प कर दिया जाएगा। निर्माण के उपरांत पानी बिजली एवं अन्य सुविधाएं बीसीसीएल द्वारा मुहैया कराई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो वार्ड संख्या 18 के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन, चंद्रशेखर पाठक, बशीर अंसारी, फुरकान अली वारसी, मुर्तजा अंसारी, शाहबाज सिद्दीकी, भागीरथ रवानी, रामबाबू चौहान, शिवम यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिरनी वासियों ने किया योग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों में बुधवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय पेशम, इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरमसिया चौक, प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया, प्राथमिक विद्यालय गुरहा, जरीडीह, मंझीलाडीह, बलिया, भरकट्टा समेत विभिन्न क्षेत्रों में योग दिवस अवसर पर उपस्थित लोगों के बीच विभिन्न प्रकार का योग कराया गया। वही इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरमसिया चौक में दो दिवसीय योग शिविर लगाकर प्रशिक्षित योग शिक्षकों के द्वारा योग करवाया गया इस बीच कॉमनवेल्थ एजुकेशन मीडिया सेंटर फॉर एशिया और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के साथ रेडियो जागृति 90.4 एफएम के बैनर तले योगाचार्य जय नारायण मोदी एवं योगाचार्य प्रवीण कुमार के द्वारा विद्यालय के बच्चों को योग की शिक्षा दी गई।

## सम्मान समारोह में रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर स्थित निशात नगर मे टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान के द्वारा रक्तदाताओं के लिये एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक मोड़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। श्री पांडेय ने रक्त दानवीरों के सम्मान मे रखे गए इस समारोह की प्रसंशा करते हुए मुख्तार खान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं मुख्तार खान ने सभी रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की और मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ, समाजसेवी तनवीर आलम, आमिश खान आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## आरपीएफ बैरक महुदा प्रांगण में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर.पी.एफ. बैरक महुदा प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रतीक मण्डल,सहायक उपनिरीक्षक मनोज़ कुमार दास, स्टेशन प्रबंधक एन. के.सिंह एवं आर.पी.एफ.के अन्य जवानों की उपस्थिति में योग व शारीरिक व्यायाम का आयोजन किया गया।

संक्षिप्त खबरे

## चचेरे भाई ने मामूली विवाद पर लाठी से मारकर हाथ तोडा, सिमडेगा रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** मामूली विवाद में चचेरे भाई सेबेस्टियन समद ने लाठी से मारकर ज्वाकीम समद का हाथ तोडा दिया।घायल ज्वाकीम ने जलडेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना ईलाज कराया।घटना के बाबत घायल ज्वाकीम ने बताया कि बुधवार की सुबह खरीद कर रखे पुवाल में चचेरे भाई सेबेस्टियन की मुर्गी उछल कूद कर रही थी,जिसे पुवाल से भगाने के कारण यह घटना घटी। ज्वाकीम ने बताया कि चचेरे भाई और उसका परिवार पहले से ही दुर्भावना से ग्रस्त थे,मगर मारपीट करने का कोई कारण नहीं मिल रहा था।घटना जलडेगा के कारीमाटी डाँडटोली का है, हालांकि अभी तक पुलिस मामले से अनजान हैं। डा0बिनोद उराँव ने घायल को एक्स-रे एवं बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

# उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 9 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दिनांक 21.06.2023 को बैडमिंटन कोर्ट हॉल, बहुद्देशीय भवन, लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग शिविर के संचालकों की ओर से योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और उसके लाभ की जानकारी दी गई। योग शिविर की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की धरोहर है। योग से व्यक्ति ना सिर्फ शारीरिक व मानसिक बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ हो जाता है। सभी लोगों को योग के आसनों का अभ्यास करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि सभी लोगो को योग क्रियाओं का नियमित अभ्यास करना चाहिए। यह हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इससे पूरा समाज और देश स्वस्थ रहेगा। आज इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल,वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, कर्मीगण और योग शिविर के संचालकों में अंकित, खुशी भारती और प्रियंका साहू समेत योग शिविर से जुड़े अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व योग दिवस का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन। योग आधारित जीवन पद्धति अपनाएं अपनाएं शरीर को स्वस्थ बनाएं।-श्री सुरेश चंद्र पांडे सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मां सरस्वती, भारत माता एवं ओम तथा महर्षि पतंजलि के चित्र के समझ दीपप्रज्वलन,माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। महर्षि पतंजलि के द्वारा लिखित योग सूत्र नामक ग्रंथ जिसमें उन्होंने कहा है कि वाणी की शुद्धि के लिए व्याकरण शरीर की शुद्धि के लिए योग तथा स्वस्थ शरीर हेतु वैद्य का समायोजन जिन्होंने किया वैसे श्रेष्ठ प्रवर मुनि पतंजलि को बारंबार प्रणाम करते हैं। तत्पश्चात विद्या भारती द्वारा प्रेषित नाड़ी शोधन जिसके अंतर्गत इस अवसर पर भस्तिका,कपालभाति,अनुलोम विलोम,भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। वज्रासन, मयूरासन, सुखासन एवं विभिन्न प्रकार के योग आसन का बैठकर अभ्यास कराया गया तथा वृक्षासन, अर्धकटिचक्रासन, वायुयान आसन, ताड़ासन इत्यादि का अभ्यास कराया गया। श्री महेंद्र जी द्वारा योग एवं आसन का अभ्यास कराया गया। प्रधानाचार्य द्वारा योग के विभिन्न विधाओं का व्याख्यान एवं योग के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। दीपिका बहन जी के द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वेबिनार आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वन वर्ल्ड वन हेल्थ के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया गया जिसके मुख्य संरक्षक सचिव इंद्रजीत कुमार, आयोजन सचिव डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, समन्वयक पंकज कुमार भारती द्वारा कराया गया। योग शिक्षक अभय कुमार भारती पतंजलि योग संस्थान लोहरदगा द्वारा योग के इतिहास, योग का महत्व स्वस्थ दिन चर्या में इस पर प्रकाश डाला गया जिस पर प्रशिक्षुओ द्वारा प्रश्न पूछे गए जिनका समाधान किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम तथा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवम लाइफ मिशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिनमें भाषण प्रतियोगिता में अर्चना, शशि, अनुपा निबंध में अनुपा, पूनम, निभा पेंटिंग में अंबिका, प्रशांत, काजल क्रमश विजयी रहे। सभी प्रशिक्षुओ, स्टाफ मेंबर्स के द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास पंकज कुमार भारती द्वारा कराया गया।

## लोहरदगा सिविल कोर्ट में हुआ योग दिवस पर आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 21 जून, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिविल कोर्ट परिसर में न्यायाधीशों संग सिविल कोर्ट के स्टाफ ने किया योग। योग प्रशिक्षक सह अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती के निर्देशन में समस्त लोगों ने योग के विभिन्न आसनों को किया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन कर योग के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने लोगों को कहा कि स्वस्थ मन व शरीर बनाए रखने के लिए योग का नित्य किया जाना अति आवश्यक है। इसी के प्रचार-प्रसार एवं बढ़ावा देने के लिए आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में चुना गया है। आज योग करने वालों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश कुमार तिवारी, एवं अरविंद कुमार,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, राजेश कुमार अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी राज कल्याण, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, न्याय दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा एवं सिविल कोर्ट के नाजिर, मुख्य क्लर्क एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे। आज योग करने वालों में 100 से ज्यादा लोग उपस्थित थे।

## सेवा भारती द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में योग शिविर लगाया गया। यह निशुल्क योग शिविर 1 जून 2022 से प्रत्येक दिन लगातार सुबह 5:30 से 6:30 तक चल रहा है,इस बीच कई योग प्रतीक्षाकों के द्वारा योग प्रशिक्षण कराया गया, वर्तमान में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के द्वारा लगातार सुबह लोगों को योग अभ्यास कराया जा रहा है, इस योग कार्यशाला में सूक्ष्म व्यायाम, कपाल-भारती, अलॉन्ग-बिलॉन्ग, मक्कराशन, त्रिकोण, चक्की आसन, ताड़, बृक्षाआसन, नौका, पवनसुतआशन, मंडूक आसन, बटरफ्लाई, गोमुख आसन, सूर्य नमस्कार आदि कई आसन एवं व्यायाम का प्रशिक्षण कराते हुए शांति का पाठ भी कराया जाता है, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने अंतरराष्ट्रीय योग शिविर की बधाई देते हुए कहा कि चुन्नीलाल स्कूल परिसर में यह निशुल्क योग शिविर एक वर्ष से भी ज्यादा से लगातार चल रहे है,योग शिविर में योग कर कई लोगों को घुटने का दर्द, सांस की बीमारी, शुगर, बी.पी आदि कई बिमारियों से निजात मिल रहे हैं, प्रत्येक दिन मात्र 1 घंटे योग करने से रक्तचाप सही रहता है और शरीर स्वास्थ्य एवं फुर्तीला रहता है शिविर में दीपक सर्राफ के अलावा जय प्रकाश शर्मा, सुबोध प्रसाद महतो, अनिल कास्यंकार, देवानंद महतो, संजय चौधरी, आनंद गुप्ता, अशोक प्रसाद,अवधेश मित्तल, रामजी सोनी, विकास कास्यंकार आदि लोग सहयोग देते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कैरो प्रखंड क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में लोगों ने किया योग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 21 जुन बुधवार को 09 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो पर किया गया योग का आयोजन। इस अवसर पर प्रखंड के डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय कैरो, गराडीह उत्क्र्मीत उच्च विद्यालय, व सरस्वती विद्या मन्दिर कैरो एवं भाजपा प्रखंड इकाई कैरो के द्वारा अहले सुबह योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम का किया गया आयोजन। उक्त कार्यक्रम मे योग के विभिन्न आयाम जैसे अनुलोम, विलोम, कपालभाति, भस्तृका, उज्जयि, भ्रांमरी, सूर्य नमस्कार, तड़ासन, वृक्षासन, सूक्ष्म प्राणायाम, इत्यादि अनेक आयामो की योग की क्रियाएँ उपस्थित लोंगो के बीच उपरोक्त संस्थानो मे कराया गया। डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टु उवि मे भाग लेते हुए योगाभ्यास के उपरांत कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि जीवन मे मानव शरीर को फीट रखने के लिये संतुलित आहार के साथ नियमित योग की क्रियाएँ को भी करना आवश्यक है, नियमित रुप के योग से वीपी, सुगर, थायराड, जोडो का दर्द नियन्त्रण मे रहता है इसलिये आप सभी योग को अपने नियमित जीवन दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ। मौके पर डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टू उवि में कैरो प्रविपदा0 पवन कुमार महतो प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक विनीत कुमार, कैरो शिशु विद्या मन्दिर में डा0 भोला प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, आचार्य देवा उराँव, गणेश साहू, बालेश्वर साहू, रामधारी जी, विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू प्रखंड महामंत्री मनोज साहू,राजेश सोनी, समाजसेवी गंगा प्रसाद, सुजीत प्रसाद वही गराडीह ऊ0 वि0 के प्रधानाचार्य देवनंद्न नायक समेत उपरोक्त सभी संस्थानो मे सैकड़ो महिला पुरुष के साथ -साथ छात्र छात्राओं ने भी किया योग।

## जलडेगा में निकली भगवान जगरनाथ की भव्य रथ यात्रा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को जलडेगा प्रखंड मुख्यालय, कोनमेरला, भितबुना और परबा में पूरे विधि विधान से भव्य रूप से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी का रथ यात्रा निकाला गया। भारी तादाद में श्रद्धालुओं के बीच भगवान जगरनाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के विग्रहों को अपने धाम ठाकुरबाड़ी से पंचदेवालय स्थित मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। इस दौरान पारंपरिक ढोल नगाड़ों के बीच एवं जय जगरनाथ के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। पंडित बोछेपति महाराज की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना एवं प्रभु के दर्शन प्राप्त किये। पूरे प्रखंड में रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी सीओ डॉ खगेन महतो स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान थाना प्रभारी हीरालाल महतो, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, जलडेगा पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी भी मौके पर मौजूद थे। वहीं जलडेगा मुख्यालय में एएसआई अक्षयवर राम, पुलिस जवानों के साथ रथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था संभालते नज़र आये। रथयात्रा को सफल बनाने में सुभाष साहू, पन्नालाल साहू, रामावतार अग्रवाल, बसंत साहू, राजू साहू, विश्वनाथ साहू, पन्नालाल साहु, अरुण मिश्रा, संजय अग्रवाल, महेश साहू, ढ़ोलो सिंह, रामेश्वर सिंह, हेमशरण सिंह आदि का अहम योगदान रहा।

## गिरिवर शिशु सदन में किया गया योग महोत्सव का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की लोहरदगा इकाई द्वारा गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास कराया गया।जिसमें वर्ग 9 वीं और 10 वीं के विद्यार्थी तथा शिक्षिकाएं शामिल रही। युवा योगी खुशी भारती तथा मानसी भारती के द्वारा ग्रीवा चालन, स्कन्ध खिंचाव, स्कन्ध चक्र, कटिशक्ति संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, बज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उतानमंडूकासन, वक्रासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी, ध्यान आदि सूक्ष्म व्यायाम तथा प्राणायाम कराया गया। योगाभ्यास में विद्यालय सचिव चन्दन भारती, प्राचार्य जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती, आभा कुजूर, काजल साहू, सिद्दीका परवीन, कंचन मेहता, अर्पणा सिन्हा,सबिता कुमारी, आशा दास, संगीता वर्मा, डोरोथी खलखो, उमा मिश्रा, सुमन लकड़ा, कविता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मन की शांति के लिये करें योग और रहें निरोग : अभिनव कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु ग्राम स्थित अवेयरनेस कोचिंग सेंटर में योग किया गया। विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत ग्राम में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि सेरेंगहातु पंचायत समिति सदस्य सफरुद्दीन अन्सारी उपस्थित थे। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि मन की शांति के लिये करें योग और रहें निरोग। साथ ही कहा कि नशापान से दूर रहें। खास कर युवाओं को नशा से दूर रहने के लिये प्रेरित किया गया। और मन तथा शरीर को निरोग बनाने के लिये प्रतिदिन योग करने की बात कही गई। वही स्वस्थ्य रहने के लिये युवाओं को अनेकों महत्वपूर्ण जानकारी भी दिया गया। मौके पर नेहरू युवा केन्द्र के स्वंयसेवक आदित्य कुमार साहू, आदर्श कुमार, रूबी कुमारी, नवनीत प्रजापति, राही कुमारी, सलमान अन्सारी, अभिषेक कुमार के अलावे अवेयरनेस कोचिंग सेंटर के शिक्षक व छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।


## आंधी तूफान ने मचाया कहर पीएम आवास सहित कच्चा मकान हुआ क्षतिग्रस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा यादव मुहल्ला में अंधी तूफान से आम पेड़ का विशाल डाली टूट कर अर्धनिर्मित पीएम आवास पर गिरा जिसे एल्वेस्टर का मकान सहित कच्चा मकान हुआ क्षतिग्रस्त जर्जर मकान में घर वाले रहने को विवश। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में अंधी तूफान के कोहराम से पीएम आवास सहित गरीब परिवार का आशियाना क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित जंगल के समीप यादव मुहल्ला में अर्धनिर्मित पीएम आवास में आम का विशाल डाली टूट कर गिरने से घर में लगा एल्वेस्टर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे पीएम आवास लाभुक बिरसी उराँव पति चारो उराँव को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावे जर्जर कच्चा मकान में परिवार के साथ रहने को विवश है। वहीं जगरनाथ उराँव का भी एल्वेस्टर का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इतना ही नही ओला वृष्टि से कई किसान का फसल भी नष्ट होने की बात बताई जा रही है। वहीं पीड़ित परिवार सरकारी सहायत को लेकर उम्मीद लगाए बैठे है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचना प्राप्त होते ही उन्होंने निर्देश देते हुए राजस्व कर्मचारी को निरीक्षण कर रिपोर्ट कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा पीड़ित परिवार द्वारा प्राप्त आवेदन को संज्ञान लेते हुए आपदा राहत कोष से सहयोग राशि प्रदान कराने की बात कही गई है।

## आदिम जनजातियों के साथ मनाया क्रीड़ा भारती सिमडेगा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जंगलों और पहाड़ों के बीच अन्य लोंगो से अलग थलग निवास करने वाले आदिम जनजातियों को योग एवं खेलकूद के माध्यम से समाज के साथ जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ नींद में सोए हुए तो कुछ पेयजल के लिए डांडी वैगरह में पानी की तलाश कर रहे आदिम जनजातियों के बीच जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर सूर्योदय पूर्व पहुंचकर मनोज कोनबेगी और बलबीर कुमार ने उन्हें योग के लिए किया प्रेरित। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती सिमडेगा के बलबीर कुमार और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी सिमडेगा जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर पहाड़ों के ऊपर घनघोर जंगल के बीच में कुरडेग प्रखंड के रावणखोल में निवास करने वाले आदिम जनजातियों के बीच पहुंचकर उन्हें योग के लिए प्रेरित किया और अन्य समुदाय के सदस्यों के साथ सामूहिक रूप से योगासन कराया। पथरीली रास्तों से गुजरते हुए हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, क्रीड़ा भारती सिमडेगा के बलबीर कुमार और बड़की बिऊरा निवासी दिलेश्वर राम सूर्योदय पूर्व ही रावण खोल स्थित आदिम जनजातियों के निवास स्थल पहुंचे। तब कुछ लोग सोए हुए थे तो कुछ लोग पेयजल के लिए दाढ़ी वैगारह में पानी की तलाश में थे।उन्हे योग और खेलकूद के लिए प्रेरित कर सराईपणी खेल मैदान स्थित योग स्थल तक स्थल जाकर योग करने केलिए त्यार किया गया।उनके घरों से योग स्थल लगभग 2किलोमीटर तक मनोज कोनबेगी और बलबीर प्रसाद साथ में ही पैदल चलकर गए और उन्हें हॉकी और फुटबॉल का एक एक टीम बनाने का अपील किए । बलबीर कुमार ने सभी को योग कराया और योग के महत्व को भी बतलाया ।मनोज कोनबेगी ने योग से होने लाभ के साथ साथ खेल के महत्व को बतलाया और कहा की अपलॉग यन्हा से हॉकी का टीम बनाए हमलोग यहा हॉकी सिमडेगा और क्रीड़ा भारती के माध्यम से आदिम जनजातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच आपस में मैत्री हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिता गर्मी कम होने के बाद कराएंगे।योग कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला ,पुरुष और बच्चे सामिल हुए।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय सहित सभी मंडल एवं योग किया। सिमडेगा स्थित गांधी मैदान में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में सभी कार्यकर्त्ताओं ने किया योग । इस अवसर बीजेपी जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा योग करें, निरोग रहें, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मानसिकता का वास होता है। योग हमारी हजारों साल पुरानी विद्या है। हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण सारी दुनिया योग का लाभ उठा रही है। **योग करें निरोग रहें : सुशील श्रीवास्तव :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कुरडेग मंडल के कार्यकर्ताओं ने योग किया ।मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि योग हर व्यक्ति को करनी चाहिए योग करने से शरीर स्वास्थ्य रहता है और बीमारियों से लड़ने की छमता अधिक होती है। **भाजपा केरसई मंडल के कार्यकर्ताओं ने भी किया योग :** भारतीय जनता पार्टी केरसई मंडल में योगा दिवस प्रभारी गौतम कुमत के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने योग किया। मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने योग दिवस की सुभकामनाएँ देते हुए कहा कि योग प्रत्येक मनुष्य के लिए आवयश्क है, योग करने से बीमारी का प्रकोप भी कम होता है।हमे प्रत्येक दिन योग करनी चाहिए जिससे शरीर चुस्त दुरुस्त रहे। आज प्रधानमंत्री जी क्या आवाहन पर योग सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशों के कोने-कोने में योग का डंका बज रहा है।

## ठेठईटांगर प्रखण्ड के बम्बालकेरा में विधायक कोलेबिरा ने किया ग्रामीणों संग बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत बम्बालकेरा पंचायत में ग्रामीणों के बिच रुबरु हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी। विधायक की उपस्तिथि देख गांव वालो ने जोरदार स्वागत किया साथ ही ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या जैसे की क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क आदि अन्य समस्या से विधायक को आवगात कराया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की समस्या को जल्द से जल्द खत्म किया जाएगा अपको मैं बता देना चाहता हूं कि अभी कुछ दिन पहले ही मैंने पीएचडी विभाग के सचिव से मिल कर अपने क्षेत्र की समस्या बताया और विभाग के सचिव द्वारा मुझे आश्वासन दिया गया है की कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में जहा भी पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान है उसे जल्द समाधान किया जाएगा साथ ही बिजली की जो समस्या है वह भी जल्द खत्म हो जाएगा। अपको लोगो को मैं बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार बिजली की समस्याओ को लेकर चिंतित है इसलिए हमारी सरकार ने 100 यूनिट तक बिजली फ्री दे रही हैं और जिसका बिल बकाया है उन्हे ओटीएस का लाभ देकर ब्याज दरों पर माफी का योजना चला रही है साथ ही क्षेत्र में अगर कही बिजली का पोल लाइन नही पहुंचा है उसके लिए भी अभी नया से टेंडर किया गया है अभी कुछ दिन के बाद नया कम्पनी के द्वारा छूटा हुआ गांव में बिजली पहुंचाया जाएगा। साथ ही साथ हमारे क्षेत्र में जहां भी ग्रामीणों को अन्य किसी भी तरह का समस्या से जूझ रहे हैं उसे भी जल्द से जल्द खत्म किया जाएगा मे अपलोगो को बताना चाहता हूं कि आज हम और आप विकट परिस्थिति से गुजर रहे हैं हमारा जीवन जैसे तैसे काट रहे हैं क्योंकि हमारे जीवन शैली को महंगाई ने पूर्ण रूप से बदल कर रख दिया है ना तो खाने को सही सामग्री मिल रहा है ना तो बच्चों के पढ़ाई की सही व्यवस्था सही रूप से कर पा रहे हैं जब से देश में बीजेपी की सरकार बनी है महंगाई को चरम सीमा तक लेकर गई है 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी तब महंगाई नियंत्रण में था चीजों का सही मूल भाव था कांग्रेस की सरकार हमेशा से गरीबों के हित के लिए सोचती थी पर बीजेपी की सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए सोचती है।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की दी शुभकामनाएं



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को ट्वीट किया- समस्त राज्यवासियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज, समृद्ध राज्य और देश का द्योतक है। आप सभी स्वस्थ रहें, निरोग रहें, यही कामना करता हूं।

### क्रीड़ा भारती ने मोरहाबादी में मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती रांची महानगर के पदाधिकारियों ने मोरहाबादी मैदान के नाइट मार्केट के समीप बुधवार को योग दिवस मनाया। क्रीड़ा भारती के प्रांत के उपाध्यक्ष मुनचुन राय और रांची महानगर के अध्यक्ष रवि मुंडा एवं कमांडो डिफेंस एकेडमी रांची के संचालक रोहित कुमार के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया।योग शिक्षिका रफ़िया नाज एवं प्रह्लाद ने सभी को योगा करवाया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 पुरुष एवं महिला ने योग किया ।

### बकोरिया मुठभेड़ : सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई 27 जुलाई को

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ पीड़ित पक्ष की याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। अब मामले में 27 जुलाई को सुनवाई होगी। उस दिन मुठभेड़ में मारे गए लोगों के परिजनों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी। पूर्व में पीड़ित पक्ष ने सीबीआई के क्लोजर को चुनौती देने के लिए याचिका दायर करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग कोर्ट से की थी। सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव के कोर्ट ने पूर्व में सीबीआई की ओर से मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है। मामले में रांची सीबीआई की ओर से 19 अप्रैल को क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए बताया गया है कि अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। इस पर बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव रांची सीबीआई कोर्ट में प्रस्तुत हुए थे। उल्लेखनीय है कि पलामू के सतबरवा प्रखंड के भलवाही घाटी में 8 जून, 2015 को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव सहित 12 की जान गई थी। मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पारा शिक्षक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया था। हाई कोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2018 से सीबीआई बकोरिया मुठभेड़ की जांच कर रही थी। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सीबीआई ने पूरे मामले में क्लोजर रिपोर्ट दी थी।

## निरोग रहने का सरल उपाय योग : वीडी राम

# योग से करना चाहिए हर दिन की शुरुआत : अरुणा शंकर

### कार्यक्रम को सफल बनाने में पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं सदस्यों की रही सराहनीय भूमिका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गांधी उद्यान में सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के जाने-माने गायक राम और श्याम द्वारा गाए भजन के बीच महात्मा गांधी के मूर्ति पर सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजनंद पाठक एवं वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला द्वारा माल्यार्पण कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम में लगभग 500 से ऊपर महिला, पुरुषों एवं कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कराते हुए शहर के जाने-माने योग प्रशिक्षक राजीव एवं अतुल ने लोगों को योग की महत्ता को बताई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बीडी राम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता को बताते हुए कहा कि आज भारत के योग विद्या सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। जिसके लिए हमारे प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं। हम सबों को निरोग रहने के लिए एकमात्र सरल उपाय अपने दिन की शुरुआत योग से करना होगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि यह ऋषि मुनि द्वारा मानी गई विद्या है। जिसके बदौलत 100-150 वर्षों से ऊपर वे जीवित रहते थे और इच्छा के अनुरूप प्राण त्यागते थे। हम सबों को अपने ऋषियों द्वारा दी गई इस विद्या को निरोग रहने हेतु अपनाना होगा और अपने भोजन में मोटा अनाज को सम्मिलित करना होगा। तब ही हम स्वस्थ रहेंगे और जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तब देश स्वस्थ रहेगा। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन चेंबर के वरिष्ठ एक्सक्यूटिव सदस्य विजय ओझा ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्याम मित्र मंडली के सदस्य संजय भगत एवं साथियों द्वारा भजन प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

### शुद्ध पानी देना निगम का कर्तव्य : प्रथम महापौर



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेदनीनगर निगम द्वारा15 वें वित्त से क्रय की गई 5 आरओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ सांसद वीडी राम व प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा समाज को समर्पित किया गया। मशीन का शुभारंभ करते हुए वीडी राम ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया और कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अरुणा शंकर द्वारा सक्रियता बनाए रखने तथा कई कार्य अपने निजी खर्च से करने को शुभ संकेत बताया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में 5 आरो शीतल मशीन 15वें वित्त की राशि से क्रय की थी। इसमें एक-एक गांधी उद्यान, दूसरा ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण,कोयल रिवर फ्रंट, चैनपुर मंदिर एवं शाहपुर विवेकानंद चौक पर लगा दी है। जहां अब राहगीर ठंडे आरओ वाटर पी सकेंगे। उन्हें महंगे पानी के बोतल खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने नगर आयुक्त से कहा है कि और भी मुख्य-मुख्य सार्वजनिक स्थान पर इस तरह के आरो वाटर प्लांट लगाई जाए ताकि बाहर से आने वाले ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके।

## आयुक्त से मिले दीपक कुमार लाल व देवेंद्र प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रभारी आयुक्त पलामू प्रमंडल मनोज जयसवाल से समाजसेवी दीपक कुमार लाल, नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ जयसवाल ने शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान आयुक्त को बुके देकर सम्मानित किया गया। पलामू की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए समाजसेवी दीपक कुमार लाल नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता व केंद्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ जयसवाल ने आयुक्त से कहा कि पलामू भीषण गर्मी से जूझ रहा है। यहां पेयजल की घोर कमी है। मेदिनीनगर शहर में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। देवेंद्र प्रसाद ने आयुक्त को बताया कि पलामू में विकास योजनाएं दलाल और बिचौलिए की भेंट चढ़ जा रहा है। प्रखंडों के अधिकारी बीडीओ, सीओ, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, फॉरेस्टर, रेंजर, डॉक्टर, अभियंता आदि आम जनता का कोई भी काम बिना चढ़ावा दिए नहीं करते हैं। सीओ ऑफिस में जमीन का फर्जी कागज राजस्व कर्मचारी बनाते हैं। यही कारण है कि भूमि विवाद पलामू में सबसे ज्यादा है। देवेंद्र प्रसाद ने उक्त मामले पर कार्रवाई की मांग आयुक्त से की है।

## एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में हुआ योग शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला पलामू स्थिति एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को की ध्वनि उच्चारण के साथ प्रारंभ किया गया। साथ में पलामू जिला योग शाखा पतंजलि से आए योगाचार्या श्रीमती शीला, सुश्री शिखा और सुश्री सुसन्ना ने सभी बीएड व नर्सिंग के प्रशिक्षुओ तथा शिक्षको जिसमे अनिमेष ,जितेंद्र, अमित, श्याम लाल मिश्रा, बबिता, कंचन ,पूजा, अस्मिता,उदल मेहता



,प्रसाद के आर आदि उपस्थिति थे। जिनको क्रमशः प्राणायाम अनुलोम - विलोम, ताड़ासन, ब्रजासन, भ्रमिकासन और कपालभाती आदि योगाभ्यास कराया। वही योग के महत्व और लाभ पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह ने कहा कि योग से न केवल तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन विद्या है। हजारों वर्ष पूर्व इस योग विद्या को अपना कर ऋषि मुनि लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लेते थे। योग से लम्बी उम्र प्राप्त होता है। साथ ही स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। अंत में शांति की ध्वनि उच्चारण के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया गया।

# कोर्ट ने अमीषा पटेल को 10 जुलाई को सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट का आवेदन दाखिल किया और सशरीर हाजिर होने में असमर्थता जाहिर की। उन्होंने याचिका में कहा है कि मोहाली में उनका एक बेहद जरूरी कार्यक्रम है, जिसके कारण वह सशरीर कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हो सकती।अमीषा पटेल की इस याचिका का विरोध अजय सिंह के अधिवक्ता स्मिता पाठक ने किया। अमीषा के आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अमीषा को अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की है। यदि वे 10 जुलाई को हाजिर नहीं होती है तो उनका बेल रिजेक्ट कर दिया जाएगा।चेक बाउंस मामले में बुधवार को फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल को न्यायालय में हाजिर होना था लेकिन वह कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उन्हें कंडीशनल बेल देते हुए 21 जून को कोर्ट के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। इससे पूर्व अमीषा पटेल ने 17 जून को कोर्ट में सरेंडर किया था। 10- 10 हजार के दो निजी मुचलके पर उन्हें जमानत मिली थी। यह मामला वर्ष 2017 का है। हरमू हाउसिंग कॉलोनी में एक कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार सिंह की अमीषा पटेल से मुलाकात हुई थी। फिल्मों में पैसे लगाने को ऑफर मिला था। फिल्म देशी मैजिक बनाने के नाम पर उन्होंने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे।



अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया था। इसमें कहा गया है कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। फिल्म नहीं बनने पर उन्होंने पैसे की मांग की थी। अभिनेत्री की ओर से उन्हें चेक दिया गया था, जो बाउंस हो गया था।

### सुलतानपुर की जेल में दो बंदियों ने फांसी लगाकर दी जान

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जनपद के जिला कारागार में बुधवार को दो बंदियों ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर जिले के प्रशासनिक और पुलिस अफसर जेल पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वॉयड के साथ घटनास्थल की जांच की। सूचना पाकर आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं।जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि बुधवार दोपहर दो बंदियों की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत की खबर मिली तो वह स्वयं और पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के साथ जिला कारागार पहुंचे। इनकी पहचान अमेठी जिले के जामो थानाक्षेत्र के लोरिकपुर गांव के निवासी करिया पासी और मनोज के रूप में हुई है। नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने पंचायतनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सरकार ने 5.58 करोड़ टन चावल और 2.62 करोड़ टन गेहूं खरीदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू विपणन सत्र 2022-23 में अबतक 5.58 करोड़ टन चावल की खरीदारी की है। इसके साथ ही सरकार ने 1.22 करोड़ किसानों को 1.7 लाख करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान किया है।

खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि अबतक 5.58 करोड़ टन चावल की खरीद हुई है। रबी विपणन वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में अबतक गेहूं की खरीद 2.62 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल की कुल खरीद 1.88 करोड़ टन से कहीं ज्यादा है। सरकार ने गेहूं के लिए 21.29 लाख किसानों को लगभग 55,680 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया है। मौजूदा खरीफ विपणन सत्र




(अक्टूबर-सितंबर) में 19 जून तक कुल 8.3 करोड़ टन धान (5.58 करोड़ टन चावल) की खरीद की गई है। मिलों में इसे चावल में बदलने के बाद केंद्रीय पूल में करीब 4.01 करोड़ टन चावल प्राप्त हो चुका है, जबकि डेढ़ करोड़ टन चावल मिलना बाकी है। केंद्र की चावल खरीद कार्यक्रम से 1.22 करोड़ किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें एमएसपी के तौर पर लगभग 1,71,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।मंत्रालय के मुताबिक गेहूं और चावल का संयुक्त स्टॉक 5.7 करोड़ टन पर पहुंच गया है, जो देश की खाद्यान्न जरूरतों के लिहाज से संतोषजनक है। सरकार ने 2022-23 के विपणन सत्र में 6.26 करोड़ टन चावल खरीदने का लक्ष्य रखा है।

## एमएसए पब्लिक स्कूल में मना योग दिवस

# निरोग रहने के लिए योग जरूरी : मो. शफीक अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर बच्चों को योगा तथा अनेक प्रकार के प्राणायाम सिखाया गया। बच्चों को योग से होने वाले कई फायदे को बताया गया और निरोग रहने के लिए प्रतिदिन आधा घंटा का नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को योगा का महत्व बताते हुए स्कूल के चेयरमैन मों शफीक अंसारी ने कहा कि आज के दिन में निरोग रहने के लिए योगा करना बहुत आवश्यक है। इससे उर्जा, इच्छाशक्ति और आत्मबल बढ़ता है। योग के जरिए व्यक्ति तनावमुक्त और दीर्घायु जीवन पा सकता है। शिक्षक अफज़ल शफीक ने कहा योग तन और मन को संतुलित रखता है।कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रिंसिपल ओंकारनाथ अग्निमित्रा पाण्डेय व सुनिता प्रसाद और मंच संचालन उपप्राचार्य अभय गिरी कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक आशुतोष शुक्ला, तनीशा प्रिया, खुशबू शोनी, घुंघरू सिंह, मुस्कान सिंह, प्रियंका कुमारी, नेहा प्रवीण, चांदनी कुमारी, खुशी शर्मा, विवेक पाठक का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वंदे भारत एक्सप्रेस भी हुई योगमय

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रदेश के अधिकांश शहर योगमय नजर आए। इस मौके पर राजधानी भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन के बीच संचालित वंदेभारत ट्रेन भी योगमय हो गई। यहां पहली बार ट्रेन में अनूठी योग यात्रा की शुरुआत हुई। चलती ट्रेन में यात्रियों ने योगाभ्यास किया।बुधवार को सुबह भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से सूर्य की पहली किरण के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 5:40 बजे रवाना हुई। ट्रेन के रवाना होते ही 5¬42 पर सूर्योदय के साथ ही वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों ने शिखर आसन के साथ सूर्यदेव को सलामी दी।ट्रेन में सूर्य की पहली किरण के साथ यात्रियों ने शिखर आसन किया। अंतरराष्ट्रीय योग गुरु कृष्णा मिश्रा की पहल पर यात्रियों को यह अनोखा योग कराया गया। इस दौरान वंदे भारत के यात्रियों के योग के प्रति जोश देखते ही बन रहा था।

# विश्व योग दिवस पर पर्यावरण कौशल ने वन्य प्राणियों को कराया फलाहार भोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बाईपास रोड पर्यावरण भवन में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने निवास पर्यावरण भवन में योग दिवस पर योगा करने के बाद लातेहार के वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलाहार भोजन कराया। विश्व योग दिवस पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरणविद ने कहा है कि योगा से शरीर स्वस्थ रहेगा कभी कोई दवा की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्य प्राणी पर्यावरण के प्रमुख अंग है इसे बचाने की जिम्मेवारी केवल वन विभाग की नहीं है हम सबका भी परम् कर्तव्य है ।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि योगा से स्वस्थ हम रहेंगे परंतु पहले वन एवं वन्य प्राणियों को बचाना होगा आधुनिक सुख सुविधा का



इस्तेमाल कम से कम करना होगा । प्रत्येक व्यक्ति को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा।

वन राखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा है कि वे पिछले 50 वर्षो से लोगों को जगाते आ रहे हैं कि लोग वनों की सुरक्षा और वृक्ष खेती पर विशेष ध्यान दें । वरना तीसरा विश्वयुद्ध जल संकट और ऑक्सीजन संकट से जूझने के लिए तैयार रहना होगा। वावजूद लोग मेरी बातों को अनदेखी किया। आज गर्मी से लोग मर रहे हैं और पानी के बिना जानवर मर रहे हैं। अभी से लोग सावधान नहीं हुए तो हिमालय में रहने के लिए जगह खोजना होगा। जिस तरह वनों की कटाई हुई है उस अनुपात में कम से कम 5000 करोड़ पौधा लगाने की आवश्यकता है। क्योंकि 10 वर्षो में 50 से 55 डिग्री सेल्सियस तापमान होने वाले हैं । पौधा को तैयार होने में लगभग 10 वर्ष लगते हैं । इसी वर्ष जुलाई से प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण धर्म के तहत घर के सभी सदस्य हम दो, हमारे दो प्रत्येक वर्ष पौधा लगाओ दो लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना होगा। तभी हम और आने वाले पीढ़ी को भीषण गर्मी और भीषण जल संकट से मुक्ति मिलेगी बचेंगे दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

इस अवसर पर बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह छतरपुर के डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, इंजीनियर धर्मेंद्र सिन्हा, हेमा सिन्हा, आराध्या, आशिका , आद्रिका, अनुषा, रामू, छोटू,मालदेव चंद्रवंशी, संतोष प्रजापति समेत मौजूद थे।